INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# दैनिक यूनिक समय

मथुरा से प्रकाशित

RNI-UPHIN/2023/85053

Sweety Supari INDIA's FAVOURITE Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-584 | मथुरा, गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# फर्जी ईडी टीम का मुख्य साजिशकर्ता सहित दो गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता**

## ईडी के फर्जी असिस्टेंट डायरेक्टर सहित मुठभेड़ में दो घायल

## छापेमारी के दौरान पूरी टीम को लीड कर रहा था सागर वर्मा

**यूनिक समय, मथुरा।** गोविंदनगर पुलिस और एसओजी की टीम ने संयुक्त रूप से मठुभेड़ के दौरान फर्जी ईडी के कथित असिस्टेंट डायरेक्टर और मुख्य आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने से दोनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना गोविंदनगर के मसानी स्थित राधा ऑर्किड में रहने वाले ज्वैलर्स आशीष अग्रवाल के घर पर 30 अगस्त 2024 को फर्जी ईडी अधिकारियों की टीम ने सर्च वारंट लेकर तलाशी के नाम पर लूट का प्रयास किया था। स्थानीय लोगों की सतर्कता के चलते लूट करने वाले सफल नहीं हो सके थे। इस बारे में सीओ सिटी प्रवीण मलिक ने बताया कि रात को गोविंदनगर पुलिस को इस तरह की सूचना मिली कि लूट का प्रयास करने वाला ईडी का सरगना और मुख्य आरोपी सागर वर्मा उर्फ हनी निवासी 2597 एच ब्लॉक ग्राउंड फ्लोर सैक्टर 49 फरीदाबाद अपने साथी के साथ वृंदावन रोड पर राधापुरम कॉलोनी के पास खड़े हैं। उनके पास हथियार होने की भी जानकारी पुलिस को दी गई थी। पुलिस और एसओजी की टीम ने दोनों की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर इन लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे पुलिस की गोली सागर वर्मा और उसके साथी तरुणपाल उर्फ चिंटू निवासी 367 चाची का मंदिर पीतमपुरा नई दिल्ली के पैर में लगी। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि सागर वर्मा उर्फ हनी घटना के दौरान ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में टीम को लीड कर रहा था। उसने ही फर्जी ईडी अधिकारी बनकर लूट का षड़यंत्र किया था। पुलिस को इनके पास से दो देशी तमंचे व कारतूस भी मिले हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में गोविंदनगर के इंस्पेक्टर देवपाल सिंह पुंडीर, एसओजी प्रभारी राकेश कुमार यादव, उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अजय कुमार, उप निरीक्षक अरुण कुमार त्यागी, उप निरीक्षक गौरव तौमर व एसओजी व पुलिस टीम है।

ब्रज तीर्थ विकास परिषद, नगर निगम और रेलवे अधिकारियों की बैठक में लिया निर्णय

# परिक्रमा मार्ग में बनेंगे दो अंडर पास



परिक्रमा मार्ग में रेलवे के अंडर पास बनाने के लिए निरीक्षण करते उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ एसबी सिंह, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, रेलवे के अधिकारी, नगर निगम एवं विप्रा के अभियंता।



उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मीटिंग हॉल में बैठक की अध्यक्षता करते उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र। साथ में सीईओ एसबी सिंह, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा आदि।

**वरिष्ठ संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा पंचकोसीय परिक्रमा के अंतर्गत अब परिक्रमार्थियों को आगरा–दिल्ली रेलवे लाइन के ऊपर से नहीं गुजरना होगा। रेलवे शिवताल और पोतराकुंड के निकट दो अंडर पास बनाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक हुई। बैठक में वर्चुअल रूप से डीआरएम तेज प्रकाश अग्रवाल भी जुड़े रहे।

बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा की पंचकोसीय परिक्रमा का सौंदर्यीकरण करने जा रहा है। इस पर करीब 20 करोड़ की लागत आ रही है। इस कार्य में पोतराकुंड और शिवताल के निकट रेलवे लाइन सुगमता पूर्ण परिक्रमा में बड़ी बाधा है। यहां परिक्रमार्थियों को लाइन के ऊपर से गुजरना पड़ता है। यहां अंडरपास की आवश्यकता है। पोतराकुंड के लिए भूतेश्वर रेलवे स्टेशन के निकट अंडर पास प्रस्तावित है। अब शिवताल के निकट नया अंडर पास बनना चाहिए। इस पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान से गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने मौजूदा पुलिया की जानकारी दी। इस पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने सीईओ श्याम बहादुर सिंह के नेतृत्व में स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत स्थलीय निरीक्षण को पहुंचे दल ने शिवताल के

## परिषद के सीईओ ने तकनीकी और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ किया स्थलीय निरीक्षण

निकट रेलवे पुलिया को देखा, जिसमे कीचड़ और पानी भरा हुआ था। रेलवे अधिकारियों ने निकट ही बीएसए कॉलेज के सामने नया अंडर पास बनाए जाने का प्रस्ताव दिया, जो परिक्रमा मार्ग का हिस्सा बना रहेगा। साथ ही पुलिया के सुधार की बात की। इसके बाद अधिकारियों ने भूतेश्वर रेलवे स्टेशन के निकट प्रस्तावित अंडर पास स्थल को देखा। इस अंडरपास को आम रास्ते से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण के निर्देश सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम को दिए।

निरीक्षण दौरान गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा सहित रेलवे, नगर निगम और विकास प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद रहे।

## मथुरा की पंचकोसीय और तीन वन परिक्रमा का है मार्ग

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा की पंचकोसीय और तीन वन परिक्रमा मथुरा शहरी क्षेत्र ने दिल्ली आगरा रेलवे लाइन के ऊपर से गुजरती है। यह स्थिति बेहद गंभीर है। अक्षय नवमी पर यहां घटना भी हो चुकी है। हालांकि नगर निगम ने रेलवे प्रशासन की मदद से बंद पुलिया को सुचारू भी किया है, लेकिन इस पुलिया के नीचे पानी और कीचड़ हमेशा रहती है। इससे निपटने के लिए नए अंडर पास का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने रेलवे को दिया था।

## कृष्ण कालीन है मथुरा की परिक्रमा

मथुरा की पंच कोसीय और तीन वन परिक्रमा कृष्ण कालीन है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण और बलराम जी ने कंस बध के बाद ये परिक्रमा की थी। मथुरा की परिक्रमा अक्षय नवमी और तीन वन की परिक्रमा का महत्व देवोत्थान एकादशी पर विशेष माना गया है।

अनदेखी | यमुना पार से टैंक चौराहे तक की सड़क नहीं हुई गड्ढा मुक्त

# सीएम के आदेश को मुंह चिढ़ा रही है यह सड़क



कृष्णापुरी तिराहे से सदर तिराहे की सड़क पर हो रहे हैं गड्ढे।



सदर तिराहे से टैंक चौराहे तक जाने वाली सड़क पर गड्ढे।

**गिरधारी लाल श्रोत्रिय**

## आने जाने में दो पहिया वाहन चालकों को हो रही हैं परेशानी

## आए दिन पलटते हैं दो पहिया वाहन, यात्री होते हैं चोटिल

## विकास प्राधिकरण दो दिन में शुरू कराएगा गड्ढा मुक्त करने का कार्य

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्यमंत्री के 15 अक्टूबर तक सड़कों के गड्ढा मुक्त अभियान को यमुना पार से लेकर टैंक चौराहे तक की सड़क मुंह चिढ़ा रही है। इस सड़क पर जगह–जगह गड्ढे यहां से होकर गुजरने वाले यात्रियों के लिए मुसीबत बने हुए है। आए दिन इस सड़क पर दो पहिया वाहन पलट जाते हैं। जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। जबकि यह मार्ग भरतपुर बरेली मार्ग है। इसकी अभी तक किसी भी विभाग ने सुध नहीं ली हैं। वैसे यह भरतपुर बरेली मार्ग के तहत टैंक चौराहे से लेकर यमुना पार तक का हिस्सा काफी जर्जर है। इस पर भारी गड्ढे है। इससे लगता है कि कहीं हम तीर्थ स्थल में ना आकर किसी ग्रामीण क्षेत्र में आ गए हैं। जबकि यह हिस्सा नेशनल हाईवे प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत आता है। नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने इस हिस्से के निर्माण का जिम्मा मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को दे दिया है।

सदर बाजार क्षेत्र के रहने वाले शिशु पाल सिंह, सतीश यादव, प्रमोद यादव, मुकीम कुरैशी, मौहम्मद नाजिम, कृष्णापुरी में वर्कशॉप चलाने वाले राजेश कुमार और बाढ़पुरा निवासी भूरी सिंह यादव ने बताया कि यह सड़क कई वर्ष से जर्जर है। इस सबंध में कई बार पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे प्राधिकरण, नगर निगम और विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से मिल चुके हैं। लेकिन किसी भी विभाग ने इसे बनाने की कार्रवाई नहीं की।

मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि वैसे इस मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के टेंडर हो चुके हैं। शीघ्र ही इसको बनाने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल मुख्यमंत्री के निर्देश पर विकास प्राधिकरण द्वारा दो दिन में इस सड़क को गड्ढा मुक्त करने का कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा।

# त्योहारों को लेकर बाजार में हलचल

**प्रमुख संवाददाता**

## हर व्यापारी को बंपर कारोबार की उम्मीद

**यूनिक समय, मथुरा।** शारदीय नवरात्रि एवं दीपोत्सव से बाजार में हलचल तेज हो गई है। माह अक्टूबर में ही बड़े त्योहार है। शारदीय नवरात्रि पूरी होने के बाद शरद पूर्णिमा है। फिर करवा चौथ, अहोई अष्टमी, धनतेरस, छोटी दीवाली अक्टूबर में पड़ेगी तो बड़ी दीवाली, गोवर्धन पूजा और भैया दोज यम द्वितीया पर्व नवंबर के पहले सप्ताह में पड़ेंगे। सितंबर माह का वेतन मिलने के साथ ही सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों के परिवारों की खरीदारी शुरू हो जाएगी। इस कारण व्यापारियों को भी बंपर कारोबार होने की उम्मीद है। श्राद्ध पक्ष में 15 दिनों तक नए वाहनों को खरीदने में हिचक रहे लोगों ने अपनी मनपसंद गाड़ियों की बुकिंग तो करा दी, लेकिन शारदीय नवरात्र शुरू होते ही वाहनों के शोरुम में अच्छी खासी चहल देखी गई है। अब लोग मनपसंद के वाहनों को खरीद कर अपने घरों को लेकर जाने की तैयारी में है। हालांकि आने वाले दीपोत्सव को देखते हुए कई शोरूम मालिकों ने स्कीम लांच करने की भी योजना बनाई है।

रेडीमेड कपड़ों के शोरूमों में नई डिजाइनों में कपड़े आ गए हैं। शोरूम मालिक अब सिर्फ ग्राहकों के आने का इंतजार कर रहे हैं। दीपावली पर बच्चों के लिए अधिकांश परिवार नए कपड़े खरीदते हैं। बच्चों की पसंद को देखते हुए कई डिजाइनों में कपड़े उपलब्ध हैं। साड़ी के शोरूमों पर लाल साड़ियों की कई वैरायटी आ गई है। नवरात्रि के दौरान महिलाएं करवा चौथ की तैयारियों के लिए साड़ियों की खरीदारी करेंगी। साड़ी का कारोबार करने वालों को करवा चौथ और दीपावली से एक बड़े कारोबार की आस जगी है। व्यापारियों ने सूरत एवं दिल्ली से साड़ियों का स्टॉक मंगा लिया है।

दीपावली पर मिठाई की मांग अधिक होने के कारण मिठाई विक्रेताओं ने अभी कारीगरों पर नजर रखना शुरू कर दिया, कहीं वह ऐन वक्त पर इधर–उधर न हो जाएं। वजह है कि दीपावली से कई दिनों पहले मिठाई का स्टॉक तैयार होना शुरू हो जाता है। घरों और प्रतिष्ठानों को विद्युत की रंग बिरंगी रोशनी से सजाने के लिए विद्युत की झालरों का भी बाजार चमकने वाला है। दिल्ली से आकर्षण झालरों का स्टॉक मंगा लिया गया है। मथुरा शहर से छोटे कस्बों के दुकानदारों ने अभी भी माल उठाना शुरू कर दिया है।

# अग्रसेन जयंती पर अग्र महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा



अग्रवाल समाज की महिलाएं कलश शोभायात्रा में मंगल कलश लेकर चलती हुई।

### जगह जगह विभिन्न समितियों ने शोभायात्रा का किया स्वागत

### श्री महाराजा अग्रसेन जी का ध्वजारोहण किया

### दीप प्रज्वलन से जयंती महोत्सव हुआ प्रारंभ

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित सात दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तीसरे दिन श्री महाराजा अग्रसेन जी का ध्वजा रोहण कर और दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। श्री अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसका नगर में पुष्प वर्षा करके जगह–जगह स्वागत किया गया। तिलक द्वारा धर्मशाला में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

श्री अग्रवाल सभा (रजि.) के मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयंती प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष अशोक बंसल, प्रधानमंत्री सुभाष सिक्का वालों, हरिओम वाले, कृष्ण मुरारी नेताजी, उपाध्यक्ष योगेश बंसल कागजी, कोषाध्यक्ष राजकुमार रद्दी वाले, मुख्य मीडिया प्रभारी योगेश गोयल, संगठन मंत्री धीरज गोयल, आय व्यय निरीक्षक अतुल हार्डवेयर के द्वारा कुशक गली स्थित धर्मशाला में दीप प्रज्वलन एवं ध्वज फहराया गया। अग्रवाटिका में श्री महाराजा अग्रसेन जी की आरती की गई। वहां भी ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात अग्रसेन चौक पहुंचकर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर मुकुट धारण करके माला एवं दुपट्टा पहनाया। श्री अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सुहागन समाज की महिलाएं मंगल कलश रखकर सिरों पर रखकर चल रहीं थी।




मसानी चौराहे पर श्री अग्रसेन जयंती समारोह को संबोधित करते श्री अग्रवाल सभा (रजि.) के मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयंती प्रसाद अग्रवाल, साथ में सभा के पदाधिकारी।

## ब्लड बैंक को 32 यूनिट ब्लड का किया दान

**यूनिक समय, मथुरा।** रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसके प्रायोजक कुंजीलाल रामबाबू मित्तल बूरेवाला ट्रस्ट एवं रोटरी ब्लड सेंटर शिविर डॉ अज्जू अग्निहोत्री व उद्घाटन गिरिराज अग्रवाल, महावीर मित्तल, शिव शंकर अग्रवाल, सम्मानीय जयंती प्रसाद अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम संयोजक मूलचंद गर्ग को दुपट्टा उड़ाकर सम्मान करके स्मृति चिन्ह प्रदान किया। राष्ट्रहित में 32 यूनिट ब्लड बैंक सभी ब्लड दाता द्वारा दिए सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कलश यात्रा का श्री अग्रवाल सभा द्वारा, श्री तिलक द्वार धर्मशाला समिति द्वारा, श्री अग्रवाल सभा महिला समिति द्वारा और अनेकों अनेक मंडल एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा जगह–जगह स्वागत किया गया।

श्री तिलकद्वार अग्रवाल धर्मशाला पर सभा के अध्यक्ष मंत्री व मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयंती प्रसाद अग्रवाल द्वारा श्री तिलकद्वार अग्रवाल धर्मशाला पर झंडा फहराया और हवन के साथ विधि विधान से श्री महाराजा अग्रसेन जी की आराधना कर विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। जिसमें अनेकों कॉलेज के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा नित्य नाटिका एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

राधे राधे संकीर्तन मंडल द्वारा प्रभु भगवान अग्रसेन जी के भजनों रसधार वही। श्री तिलकद्वार अग्रवाल धर्मशाला समिति, श्री अग्रवाल सभा (रजि.)अध्यक्ष अशोक बंसल प्रधानमंत्री सुभाष चंद सिक्का वालों, मुख्य जयंती संयोजक गोपाल काजू वालों, नवीन मित्तल पूर्व अध्यक्ष, महावीर मित्तल, मंत्री मुरारी नेताजी, योगेश कागजी, धीरज गोयल, राजकुमार रद्दी वाले, संदीप अडूकी, पूर्व प्रधानमंत्री सुरेशचंद्र आरके, फल वितरण संयोजक योगेश गोयल, शोभा यात्रा संयोजक कपिल पी.एल.ए., आय व्यय निरीक्षक अतुल हार्डवेयर, श्री अग्रवाल सभा महिला समिति से संयोजका आशा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, मीरा मित्तल, अध्यक्ष अंजना अग्रवाल, मंत्री मधु अग्रवाल, रजनी तायल, प्रेरणा आग्रोहा विकास ट्रस्ट महिला समिति संयोजिका रजनी अग्रवाल, रंजना मित्तल, जिलाध्यक्ष नीति मंगला, महामंत्री जागृति अग्रवाल, अग्रवाल विकास ट्रस्ट समिति अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल महामंत्री कल्पना अग्रवाल, भावना अग्रवाल, हेमंत हेमू अग्रवाल सोनू हाथी वाले और श्री अग्रवाल सभा, श्री तिलक द्वार धर्मशाला समिति, श्री अग्रवाल सभा महिला समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए।

## कुष्ठ रोगियों के बच्चों को 50 पंखे दिए

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रवाल सभा द्वारा कुष्ठ रोगियों के बच्चों को सहर्ताथ सृजन संस्था हेतु 30 पंखा नये भवन के लिए सहयोग प्रदान किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारी ने चैक द्वारा सहयोग राशि प्रदान की।

CIMS
सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
(Multi Super Speciality Hospital With 200+ Beds Facility)
डॉ. गौरव भारद्वाज
चेयरमैन -
सिटी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स
CITY INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
कैथलैब, सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड, ई.को., टी.एम.टी., ई.ई.जी., एन.सी.वी एडवांस्ड सर्जीकल माइक्रोस्कोप, पैथ-लैबोरेट्री तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध।
देश के जाने-माने अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा
अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ विश्वस्तरीय इलाज
अब एक ही छत के नीचे सिम्स मथुरा में 24 घण्टे उपलब्ध है।
टीपीए एवं बीमा कम्पनियों द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
अपॉइंटमेंट बुक करें : 9258113570, 9258113571
सिम्स हॉस्पिटल, निकट श्रीराधा वैली, एन.एच.19, मथुरा

# अग्रसेन जयंती पर एसएफ स्ट्रीट स्कूल के बच्चों ने दिखाया अपना हुनर



रंगोली सजाने वाली छात्राएं पुरस्कारों के साथ।

### खूबसूरत रंगोली बनाकर किया दीपदान

### रंगोली सजाने वालों को आयोजकों ने किया पुरस्कृत

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रसेन जयंती के अवसर पर एस हेल्पिंग हैंड सोसाइटी द्वारा संचालित एसएफ स्ट्रीट स्कूल के बच्चों ने श्री तिलक द्वार अग्रवाल धर्मशाला समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन घाट यमुना पार में आयोजित दीपदान के अनोखे प्रोग्राम में अपनी सहभागिता दिखाते हुए अपने हाथों से बहुत सारी खूबसूरत रंगोली बनाई। रंगोली में आए सभी अतिथियों व दर्शकों को प्रभावित किया।

श्री तिलक द्वार अग्रवाल धर्मशाला समिति ने बच्चों की तारीफ करते हुए उन्हें गिफ्ट भी देकर पुरस्कृत किया। एस एफ हेल्पिंग हैंड सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य पीयूष बंसल ने कहा हमारे बच्चे हमेशा से ही सामाजिक कार्यक्रम के लिए काम करते हैं और समाज के लिए प्रेरणा बनते है। दिशा इंस्टीट्यूट की डायरेक्ट शिखा बंसल ने बच्चों को रंगोली का महत्व समझाते हुए बताया कि हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को सुनिश्चित करते हैं यह रंगोली हमारी एकता और समर्थन का प्रतीक है। इस मौके पर राजन गुप्ता, तुषार बंसल, अंकिता शर्मा, रजनी अग्रवाल, रंजना मित्तल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, कंचन, सुनीता आदि उपस्थित थे।

### मथुरा वृंदावन के देवी मंदिरों में मां की आराधना को उमड़ा आस्था का रेला

# नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा



मां चामुंडा देवी मंदिर में देवी मां की पूजा अर्चना को उमड़े भक्त।



मां चामुंडा देवी।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को मां शैलपुत्री की आराधना के लिए मंदिरों में आस्था का रेला उमड़ पड़ा। ब्रजवासियों ने अपने अपने घरों में घट स्थापन करके देवी मां की जोत जलाकर आराधाना की। घरों व मंदिरों में नवदिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हो गए।

महानगर के प्रमुख महाविद्या, कंकाली, चामुंडा, चर्चिका, बंगलामुखी, रंगेश्वरी काली, कैंट स्थित काली देवी, भैंस बहोरा स्थित कैला देवी, गिरधरपुर वाली देवी, चन्द्रावली देवी और वृंदावन में चामुंडा, कात्यायनी व कृष्ण काली पीठ पर सुबह से ही भक्तों की पूजन–अर्चन के लिए कतार लग गयी। घरों में भक्तों ने मातारानी की स्थापना करके देवी मां की जोत की। नरीसैमरी व सांचौली देवी मंदिर पर मेला जैसा नजारा रहा। यहां भक्तों ने पूजन–अर्चना की। दुर्गा सप्तशती के पाठ करके भक्तों ने नवरात्रि का उपवास रखा।

महानगर में नवरात्रि शुरू होते ही बिजली विभाग की सक्रियता बढ़ गई। अधिकारियों ने अधीनस्थों को निर्देश दिए गए हैं कि समस्त दुर्गा पूजा पंडालों में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित कराया जाए। विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से भी निरीक्षण करके आयोजकों को अवगत करा दिया जाए। यह सुनिश्चित करें कि विद्युत चोरी न हो और आसानी से अस्थायी विद्युत कनेक्शन उनको उपलब्ध हो जाएं। वहीं देवी मंदिरों के आस पास पुलिस भी तैनात रही।

अमृतदीप हॉस्पिटल
त्रिवेनी पैथोलोजी क्लीनिक
(कम्प्यूटराइज्ड)
डॉ. बी.बी. गर्ग
M.B.B.S.MD (Med-), FIACM
वरिष्ठ कन्सलटेन्ट फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
सुविधायें
• अल्ट्रासाउण्ड • 2 डी - ईको कार्डियोग्राफी
• कलर डॉप्लर स्टडी • पल्मोनरी फन्क्सन टेस्ट
• एक्स-रे ई. सी. जी. • नेबूलाइजेशन
• भर्ती की सुविधा
डॉ. स्मिता गर्ग
M.B.B.S. MD (PATHOLOGY)
वरिष्ठ कन्सल्टेन्ट पैथोलोजिस्ट
सुविधायें
• F.N.A.C. एव पेप स्मीयर
• कल्चर एवं सेन्सिटीविटी
• थायराइड एवं टार्च टेस्ट
• Vitamin-D3/B12 की जाँच
• L.F.T., K.F.T., P.S.A. डेंगू चिकनगुनियाँ आदि समस्त जाँच
• वीर्य, खून, बलगम एवं मलमूत्र की समस्त जाँचे • हेल्थ चौकअप
आकाशवाणी के सामने, वृन्दावन रोड, मथुरा
मों.: 7417618988, 9997563625

### मकान में लगी आग से ब्रह्मकुंड क्षेत्र में मची दहशत

# दूध गर्म करने के दौरान गैस सिलेंडर से लगी आग

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन, मथुरा।** नगर के ब्रह्म कुंड क्षेत्र में एक मकान मे लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। आग इतनी भयंकर थी कि अगर समय से काबू नहीं हो पाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

ब्रह्म कुंड स्थित हनुमान गढ़ी के बराबर वाली गली में चंदा गौतम का मकान है। बुधवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे वह मकान की पहली मंजिल में गैस पर दूध गरम कर रहे थे कि अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में लगी आग को चंदा गौतम ने बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग तेजी के साथ अपना विकराल रूप धारण कर रही थी। आग कमरे में रखे सामान को तेजी के साथ अपनी चपेट मे लेने लगी। यह देख उन्होंने आनन–फानन में बच्चों और पत्नी को वहां से बाहर निकाल दिया। परिवार के लोगों के आग लगने का शोर करने पर क्षेत्र मे सनसनी फैल गई।



मकान में आग से झुलसा मकान मालिक।

### आग बुझाने में घर में रहने वाले व्यक्ति का हाथ झुलसा

लोग आग को बुझाने का उपक्रम करने लगे। फायर ब्रिगेड को भी इस बारे में बताया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। सकरी गली होने के कारण फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। चंदा गौतम का कहना है कि आग बुझाने के दौरान उनका हाथ व सिर के बाल झुलस गए। आग से घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

### हिंदुस्तान कॉलेज के समीप अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फरह के हिंदुस्तान कॉलेज के समीप से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस मरने वाले की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। फरह पुलिस को हिदुंस्तान कॉलेज के समीप एक व्यक्ति का शव पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने उस व्यक्ति की शिनाख्त के लिए तलाशी की। पुलिस को तलाशी के दौरान ऐसी कोई भी वस्तु उसके पास से बरामद नहीं हुई जिससे उसकी शिनाख्त हो पाती। पुलिस के अनुसार मरने वाले की उम्र करीब चालीस साल है।




# माता पिता को घर में रखें, निराश्रित नहीं छोड़ें : डॉ. बबीता चौहान



कृष्ण कुटीर वृंदावन में आयोजित वृद्धजन दिवस कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान एक वृद्धा को सम्मानित करती हुई।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कृष्ण कुटीर वृन्दावन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने कुटीर में निवासरत वृद्धाओं को उपहार प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर कृष्ण कुटीर वृन्दावन मथुरा में निवासरत वृद्ध माताओं द्वारा नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अपने परिवार से अलग रहने की वेदना को व्यक्त किया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार माता–पिता देव तुल्य होते हैं। देवताओं को घर में रखकर पूजा जाता है न कि इस तरह समाज में अपमानित होने के लिए छोड़ दिया जाता है। वर्तमान समय में परिवारों में आपसी प्रेम में सामंजस्य की कमी देखी जा रही हैं। जिसके चलते परिवारों में विवाद होते है और इस प्रकार वृद्ध माता पिता को घर से निकाल दिया जाता है। उन्होंने कृष्ण कुटीर के संचालक सुशील चन्द्र त्रिवेदी को साधुवाद दिया कि वह ऐसी तिरस्कृत वृद्ध माताओं के श्रवण कुमार के रूप में कार्य कर रहे है।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने वृंदावन से दिया संदेश

### कृष्ण कुटीर की महिलाओं ने अपनी वेदना लघु नाटिका प्रस्तुत करके व्यक्त की

जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन सदैव वृद्धजनों के सम्मान और उनके हित के लिऐ प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी/उप निदेशक आगरा मण्डल आगरा श्रीमती श्रुति शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र पाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा, वन स्टॉप सेन्टर वृन्दावन, प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण कुटीर सुश्री शिल्पा मुरगई तथा लगभग 300 वृद्ध माताओं द्वारा उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# ब्रज चौरासी कोस यात्रा में शामिल संतों का स्वागत



ब्रज चौरासी कोस यात्रा के केशव वाटिका पड़ाव पर महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी का स्वागत करते श्री कृष्णा सामूहिक संकीर्तन मंडल के सदस्य।

**यूनिक समय, मथुरा।** संत महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी महाराज मोर कुटी वृंदावन वाले के सानिध्य में ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा चल रही है। पहला पड़ाव केशव वाटिका बिरला मंदिर पर हुआ। श्री कृष्णा सामूहिक संकीर्तन मंडल के सदस्यों समेत मनमोहन सर्राफ ने सभी साधुओं को पटका पहना कर स्वागत किया। साधु संतों ने भजन कीर्तन किए। सभी साधुओं को अंग वस्त्र और भोजन प्रसादी कराकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी नारायण प्रसाद शर्मा, सौरव अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, विदुन् रिदित अग्रवाल, राजकुमार मैदा वाले, सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा कातिब एवं मुकुममानी शर्मा आदि उपस्थित थे।

# संस्कार सिटी में मां दुर्गा का गुणगान



एनके ग्रुप की संस्कार सिटी में शारदीय नवरात्रि पर स्थापित की गई मां दुर्गा की पूजा करते एनके ग्रुप के निदेशक एवं जीएलए विश्वविद्यालय के सीएफओ विवेक अग्रवाल।

**यूनिक समय, वृंदावन।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन से ही एनके ग्रुप की संस्कार सिटी देवीमय हो गई। माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ ही एनके ग्रुप के निदेशक एवं जीएलए विश्वविद्यालय के सीएफओ विवेक अग्रवाल के साथ एनके ग्रुप परिवार ने पूजा अर्चना की। पंडाल में देवी भक्तों ने देवी भजन प्रस्तुत कर मां का गुणगान किया। मातारानी से सभी के सुखमय जीवन की कामना की। पंडाल में नौ दिनों तक विशेष पूजा अर्चना चलती रहेगी।



डीलरशिप एवं एजेंसी के लिए संपर्क करें
अनूप सारस्वत 8449611118



## चार दिवसीय जन्मोत्सव मेला का हुआ समापन

# विचित्र महाराज के भजनों पर झूमा दीनदयाल धाम

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह।** बुधवार की सायं को भजन संध्या में चित्र–विचित्र महाराज के भजन गायन से दीनदयाल धाम का मेला परिसर भक्ति रस की धारा में सराबोर हो उठा। श्रोता भजनों पर मंत्र मुग्ध होकर झूमते नजर आ रहे थे। इस भक्ति धारा के साथ ही पं० दीनदयाल उपाध्याय के चार दिवसीय जन्मोत्सव मेला का समापन हो गया।



दीनदयाल धाम में चित्र विचित्र महाराज भजन प्रस्तुत करते हुए।

लोक कला और लोक संस्कृति को समर्पित चार दिनी जन्मोत्सव मेला में इस बार चारों दिन जहां एक ओर अध्यात्म की गंगा बही तो दूसरी ओर आज के ज्वलंत विषयों वायु प्रदूषण, पर्यावरण, भूमि और जल संरक्षण पर चर्चा करवाकर जनसामान्य खासकर ग्रामीण परिवेश में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई गई। भारतीय समाज से विलुप्त हो रही भारत की प्राचीन विधा जिकड़ी भजन, रसिया दंगल, लोक गायन और लोक नृत्य को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जोड़ते हुए पुनर्जीवित करने का महती प्रयास मेला के माध्यम से हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों लोक गायन, बधाई गीत और नौबत के माध्यम से जहां ग्रामीण महिलाओं को मंच के माध्यम से अपनी–अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का अवसर मिला। तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्र निर्माण में मातृ शक्ति की भूमिका विषय पर गोष्ठी करवाकर नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाया। कवि सम्मेलन भी युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना भरने में भी सफल रहा। जहां एक ओर हवन, संकीर्तन, सुंदर कांड पाठ, भजन और अध्यात्मिक प्रवचन सभा से मेला में अध्यात्म की गंगा बहती रही तो दूसरी ओर गौ पूजन कार्यक्रम से लोगों को गौ पालन और गौ सेवा के लिए प्रेरित किया गया। मेला में जहां संस्कारों की सरिता बही तो संस्कृति, कृषि और गांव संवर्धन की झलक भी दिखाई दी। चार दिनी मेला के दौरान लगभग एक लाख से अधिक लोगों ने मेले का आनंद लिया। दानाखेगा निवासी क्षेत्रपाल शर्मा को जल सेवा देने के लिए समिति द्वारा मंच से सम्मानित किया गया।

मेला के आखिरी दिन की शाम चित्र–विचित्र के भजनों पर झूमती रही और श्रद्धालु तालिया बजाते हुए भजनों का आनंद लेते रहे। भजन गायन गायक चित्र–विचित्र की जोड़ी ने भजनों की ऐसी तान छेड़ी कि दीनदयाल धाम झूम उठा। कजरारे मोटे–मोटे तेरे नैन.... और सामरे को दिल में बसा कर तो देखो.... भजन की प्रस्तुति पर समूचा मेला पंडाल तालिया की गड़गड़ा से गूंज उठा। करतल ध्वनि के साथ राधे–राधे... के स्वर और मेरी विनती यही है राधा रानी.... भजन पर श्रद्धालु पुलकित हो गए। मेला का सम्पूर्ण वातावरण राधा की भक्ति में डूबता नजर आया। भजन संध्या के दौरान चित्र–विचित्र की जोड़ी ने साज के साथ चलो रे मन वृंदावन धाम रहेंगे... राधा–राधा नाम सुनाया तो माहौल वृंदावन जैसा हो गया। चित्र–विचित्र की जोड़ी के भजनों पर पंडाल तालिया और राधे–राधे की गूंज से महकता रहा और मेला का वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन संध्या का शुभारंभ मेला समिति अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा मंत्री, मनीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक और प्रचारक डॉ दिनेश ने किया। कार्यक्रम संयोजक आशीष माहेश्वरी, पंकज शर्मा, मुरलीधर शर्मा, पी पी शर्मा द्वारा गायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक सोनपाल, अवधेश उपाध्याय, मुकेश शर्मा, महिपाल सिंह, जगमोहन पाठक, अशोक शर्मा, विक्रम चंद दुबे आदि मुख्य रूप मे उपस्थित रहे।




## प्रयास ने लगाया रक्तदान शिविर



प्रयास के बैनर तले लगाए शिविर में रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र देते संस्था के अध्यक्ष अभय वशिष्ठ समेत अतिथि।

**यूनिक समय, वृंदावन।** संस्था प्रयास ने गांधी जयंती पर श्रीरामकृष्ण मिशन सेवाश्रम चेरिटेबिल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया। उद्घाटन स्वामी नीलमणि महाराज ने किया। हॉस्पिटल की टीम ने रक्तदाताओं का वजन कर बीपी चेक किया। संस्था अध्यक्ष अभय वशिष्ठ एवं रक्तदान प्रकल्प के प्रमुख डॉ. सचिन ने बताया कि 54 यूनिट रक्तदान हुआ। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और उपहार प्रदान किये। संस्था सचिव विवेक आचार्य ने सभी का आभार जताया।

## श्रीकृष्ण कृपा धाम में शरदोत्सव 14 से, कई कार्यक्रम होंगे

**यूनिक समय, वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग



स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में त्रिदिवसीय शरदोत्सव का 14 से 16 अक्टूबर तक महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारंभ 14 अक्तूबर को अपरान्ह तीन बजे संतों व विद्वानों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ होगा। फिर संत आशीर्वचन का कार्यक्रम होगा। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या होगी। 15 अक्टूबर को अपरान्ह तीन बजे से संत–विद्वत सम्मेलन होगा। इसमें महामंडलेश्वर कार्ष्णि स्वामी गुरुशरणानंद महाराज के अलावा कई संत, विद्वान एवं धर्माचार्य आदि भाग लेंगे। तत्पश्चात भजन रस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 16 अक्टूबर को प्रातः 5 बजे से वृन्दावन की पंच कोसी परिक्रमा देश के विभिन्न प्रांतों से आए भक्तों द्वारा गाजे–बाजे के साथ लगाई जाएगी। साथ ही समूचे परिक्रमा मार्ग पर सफाई अभियान श्रीकृष्ण कृपा धाम के भक्त परिकर द्वारा चलाया जाएगा। महोत्सव अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। श्रीकृष्ण कृपा धाम के प्रबंधक वासुदेव शरण महाराज ने श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## आगरा के पंकज अग्रवाल को वेस्ट मंडल अध्यक्ष अवॉर्ड मिला

संवाददाता



**यूनिक समय, आगरा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के मुजफ्फरनगर में हुए व्यापारी महासम्मेलन के दौरान व्यापारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में हुंकार भरी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में वेस्ट मंडल अध्यक्ष का अवॉर्ड पंकज अग्रवाल को मिला।

व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गर्ग ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में यूपी के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम एवं प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने वेस्ट मंडल अध्यक्ष के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल के नाम की घोषणा की। उन्हें मोमेंट प्रदान कर पगड़ी पहनाकर तथा पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती निधि अग्रवाल को भी उनकी कार्यशैली के लिए सम्मानित किया।

आगरा से सम्मेलन में भाग लेने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री रितेश गोयल एवं जिला अध्यक्ष मनोज अग्रवाल आदि शामिल थे।

## छाता रामलीला में राम लला का जन्म व ताड़का वध



**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** रात्रि को पुरानी तहसील स्थित रामलीला मैदान में कलाकारों ने राम जन्म व ताड़का वध लीला का मंचन किया।

दशरथ के राजमहल में भगवान श्रीराम जन्म के साथ चारों भईयों को नाम संस्करण गुरु वशिष्ठ ने किया। चारों भाइयों को शिक्षा के लिए आश्रम में भेजा। आश्रम में चारों भाइयों ने शिक्षा प्राप्त की और अपने अपने पाठ गुरु वशिष्ठ को सुनाए। चारों भाई शिक्षा प्राप्त कर राजमहल पहुंच गए। विश्वामित्र के आश्रम पर राक्षसों के आतंक को हर दिन बढ़ता देख वह महाराज दशरथ के द्वार पहुंचे और राक्षसों द्वारा हवन आदि को नष्ट करने, आश्रम में आतंक की समस्या महाराज दशरथ को बताई और विश्वामित्र ने राम–लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने का महाराज को आदेश दिया। राम लक्ष्मण को अपने साथ लेकर आश्रम पहुंचे वहां जाकर दोनों भाइयों ने ताड़का का वध किया।




## जनपद में कार्यरत हरियाणा के कार्मिकों का पांच अक्टूबर का अवकाश स्वीकृत

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेन्द कुमार सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हरियाणा राज्य में विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए हरियाणा राज्य के निवासी जो हरियाणा राज्य के मतदाता हैं और उत्तर प्रदेश में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकानों/औद्योगिक उपक्रम या कार्यालय/व्यवसाय में नियोजित हैं, ऐसे नियोजित/कार्यरत प्रत्येक कामगार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा–135 ख के अन्तर्गत सवैतनिक अवकाश अनुमन्य किया है।

## ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर लगवाए रिफ्लेक्टिव टेप


परिवहन विभाग के कर्मचारी टैक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाते हुए।

**यूनिक समय, मथुरा।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन सड़कों पर चलने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफलेक्टिव टेप लगा कर चालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा के दूसरे दिन आज परिवहन विभाग ने सड़कों पर चलने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों और दूसरे बड़े वाहनों पर सुरक्षा को दृष्टिगत रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गए। रात के समय सड़क पर

### परिवहन विभाग ने वाहन चालकों को बताए सड़क सुरक्षा के गुर

चलने के दौरान रिफ्लेक्टिव टेप वाहन की लाइट पड़ने पर चमकता है। इसके चलते पीछे से आने वाला वाहन चालक ओवरटेक करने के साथ–साथ सामने चलने वाले वाहन से दूरी बनाए रखता है। इस दौरान वाहन चालकों को एआरटीओ प्रवर्तन मनोज वर्मा की टीम ने जागरूक करने के लिए उन्हें सावधानी के साथ वाहन चलाने को कहा गया।

## महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**यूनिक समय, वृंदावन।** अग्रवाल सभा के बैनर तले महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव अंतर्गत प्रथम दिवस माधवी अग्र शक्ति ने कलश यात्रा निकाली। अठखंभा स्थित राधा वल्लभ मंदिर परिसर स्थित कलकत्ता वाले आश्रम से माधवी अग्रशक्ति की महिलाओ ने कलश पूजन कर कलश यात्रा निकाली। अग्र महिलाएं भक्ति गीतों पर डांडिया खेलती हुई चल रही थी। साथ ही अग्रवंश की देवी माधवी देवी स्वरूपा बालिका भी घोड़े की बग्गी में सवार थी। इस मौके पर धनेंद्र अग्रवाल बॉबी, आलोक बंसल, महिला अग्रशक्ति की अध्यक्ष आभा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, किशोरी अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, शैलजा अग्रवाल, प्रगति अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, आशा अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, अंजली अग्रवाल एवं अनीता अग्रवाल आदि शामिल थी।

# विदेशी महिला ने अस्पताल में जमकर काटा हंगामा

## पुलिस ने महिला को इलाज के लिए आगरा किया रेफर

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** इलाज के लिए पहुंची विदेशी महिला द्वारा अस्पताल में जमकर हंगामा काटने का मामला सामने आया है। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा उक्त महिला को चिकित्सकों से कहकर आगरा रेफर करा दिया गया। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट और कोतवाली पुलिस द्वारा महिला के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

बीती रात एक विदेशी महिला उम्र करीब 40 वर्ष रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में इलाज के लिए पहुंची। भाषाई दिक्कत के कारण विदेशी महिला द्वारा स्पष्ट रूप से अपनी परेशानी न बता पाने पर मौजूद नर्सिग स्टाफ द्वारा इलाज में देरी होने से महिला का पारा चढ़ गया और उसने हंगामा काटना शुरू कर दिया।



अस्पताल के निजी सुरक्षाकर्मियों द्वारा जब उसे रोकने की कोशिश की गई तो वह तोड़फोड़ और अभद्रता पर उतारू हो गई। जिससे अस्पताल में अफरा तफरी की स्थिति पैदा हो गई। इसी बीच सूचना पाकर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन मामला विदेशी महिला से जुड़ा होने के कारण सभी बचाव की मुद्रा में दिखाई दे रहे थे। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने निजी सुरक्षाकर्मियों की मदद से महिला को समझा बुझाकर शांत कराया और इलाज के लिए भर्ती कराया। इधर जानकारी के अनुसार उक्त विदेशी महिला बिना किसी वैधानिक कागजात के कई महीनो से वृंदावन में रह रही है। करीब चार महीने पहले महिला ने रमणरेती पुलिस चौकी पर अपना पासपोर्ट व अन्य कागजात गुम होने की तहरीर दी थी। लेकिन कोई साक्ष्य नहीं देने के कारण आवश्यक कार्यवाही नहीं हो सकी थी। वर्तमान में उक्त महिला रशियन बिल्डिंग में रह रही है। जोकि मानसिक रूप से बीमार बताई जा रही है। बहरहाल पुलिस द्वारा महिला को आगरा रेफर कर दिया गया है।

# मसानी नाले में मिला युवक का शव

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविंदनगर के मसानी नाले से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मसानी नाले में एक युवक का शव पानी में तैरता हुआ देख वहां से गुजरने वाले लोगों की नाले की पुलिया पर भीड़ जमा हो गई। लोग युवक के बारे में तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे। पुलिस को भी इस बारे में जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले में पड़े युवक का शव को बाहर निकलवाया। बताया गया कि युवक के हाथ पर शाहिद खान लिखा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का पता लगेगा कि युवक की हत्या कर शव को नाले में फेका गया है अथवा वह नाले में गिरा है।

# मिलावटी सामान के विरुद्ध चला अभियान, छह नमूने लिए

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार धीरेंद्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मथुरा के निर्देशन में विभाग की टीम ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष कर कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे, मूंगफली, साबूदाना, रामदाना व अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के जाने के लिए आज विशेष अभियान चलाकर कुल छह नमूनें संग्रहित किए गए।

जिसमें गोवर्धन के बड़ा बाजार से साबूदाने का नमूना, वृंदावन स्थित निर्माण इकाई से व्रत का आटा का एक नमूना, गोविंद नगर मथुरा से कुट्टू के आटे का एक नमूना, सदर तहसील से बाद से कुट्टू गिरि, बरारी में खुले कुट्टू का आटा और औरंगाबाद में सावां का चावल के नमूनें संग्रहित किए गए। साथ ही लगभग 5 किलोग्राम खुले कुट्टू के आटे को विनष्ट कराया गया। उक्त सभी छह नमूनें विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लायंस क्लब ऑफ मथुरा स्टार्स की नवीन कार्यकारिणी ने शपथ ली



लायंस क्लब ऑफ मथुरा स्टार्स के अधिष्ठापन समारोह में उपस्थित पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** लायंस क्लब ऑफ मथुरा स्टार्स का अधिष्ठापन समारोह स्थानीय होटल में मनाया गया। जिसमें नवीन कार्यकारी को शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह चौहान अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक लायंस इंटरनेशनल एवं श्रीमती बबीता चौहान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग रहे। समारोह में उद्घाटन अधिकारी की भूमिका में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 321- सी -2 स्वाती माथुर ने निभाई। समारोह में अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव तौमर एवं मुख्य वक्ता के रूप में निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी के जैन की उपस्थिती रही। कार्यक्रम में लायंस इंटरनेशनल से अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे समाज उत्थान के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। अधिष्ठापन अधिकारी ने नव निर्वाचित पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवीन अध्यक्ष के रूप में सचिन अग्रवाल (इंटीरियर), सचिव के रूप में देवाशीष अग्रवाल (आरके), कोषाध्यक्ष के रूप में पीयूष अग्रवाल, मेम्बरशिप चेयरपर्सन के रूप में सचिन चौधरी, प्रथम उपाध्यक्ष के रूप में नीरज तायल एवं ग्रुप लीडर के रूप संचित अग्रवाल, इच्छित जैन, सचिन खण्डेलवाल एवं सुभांशु अग्रवाल ने शपथ ग्रहण की। नवीन सचिव देवाशीष अग्रवाल ने नवीन सत्र में किए जाने वाले विभिन्न सेवा कार्यो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहित चौधरी, गौरव अग्रवाल एडवोकेट, आंचल अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, विनीत मिश्रा (ब्यूरो चीफ दैनिक जागरण), मनीष अग्रवाल (शोरा वाला), डॉ. डी डी गर्ग (जायन्टस क्लब), तनु गर्ग, अंकुर अग्रवाल, हितेश बजाज, नितिन बंसल, नितांशु अग्रवाल, अंशु बजाज, कमल, बृजेश, सौरभ, हेमंत, आयुष आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंकुश गर्ग एवं चंद्र शेखर गर्ग ने किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने पधारे सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को दो साल की कैद

## न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**यूनिक समय, मथुरा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय संख्या 1 सोनिका वर्मा ने एक युवक के साथ नौकरी लगाने को लेकर ठगी करने वाले अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास और दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

एपीओ अरुण कुमार दुबे ने बताया कि अमित कुमार निवासी द्वारकाधीश मंदिर के पीछे काजी पाड़ा ने रिपोर्ट कराई कि वह बेरोजगार युवक है 15 जून 2022 को एक व्यक्ति शेखर रस्तोगी जिसने अपने को लोकभवन लखनऊ में छापे मारी करने वाले अधिकारी बताया। शेखर रस्तोगी से उसकी मुलाकात बल्लभ कुल के गोस्वामी भूषण बाबा ने कराई थी। वह भूषण बाबा का शिष्य है। भूषण बाबा ने शेखर रस्तोगी से कहा था कि अमित नाई जाती का और उनका सेवक है उसकी नौकरी लगवा देना। इस पर शेखर रस्तोगी ने अमित से उसके दस्तावेज ले लिए। शेखर रस्तोगी ने उससे 28 हजार रुपये नकद जमा करने के और 3600 रुपेय ड्रेस के ले लिए। इसके बाद भी उसकी नौकरी नहीं लगवाई। इस तरह से उसने धोखाधड़ी करली। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय संख्या 1 सोनिका वर्मा के न्यायालय में हुई। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शेखर रस्तोगी को दोषी ठहराते हुए उक्त सजा से दंडित किया।

### श्मशाबाद—फतेहाबाद रेल खंड फाटक संख्या 14 पर पांच से रहेगा सड़क मार्ग बंद

**यूनिक समय, मथुरा, आगरा।** गांव जगराजपुर में रेलवे के अनुरक्षण कार्य के चलते आगरा मंडल के श्मशाबाद–फतेहाबाद रेल खंड फाटक संख्या 14 पर सड़क यातायात को पांच अक्टूबर से बंद किया जाएगा। अनुरक्षण कार्य बिना सड़क यातायात को बंद किए नहीं हो सकता है। रेल प्रशासन द्वारा यहां अनुरक्षण का कार्य 5 अक्टूबर से प्रातः 7 बजे से सड़क यातायात बंद रहेगा।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती पर कई का सम्मान



अग्रवाल जन कल्याण समिति के बैनर तले महाराजा अग्रसेन जयंती पर गोदा विहार मंदिर में समारोह में वरिष्ठ नागरिक को सम्मानित करते बसेरा ग्रुप के चेयरमैन रामकिशन अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल एवं भीमसेन अग्रवाल।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** अग्रवाल जन कल्याण समिति के बैनर तले महाराजा अग्रसेन की जयंती पर गोदा विहार मन्दिर में समिति के संरक्षक रामकिशन अग्रवाल, अध्यक्ष मुरली अग्रवाल, उपाध्यक्ष बिपिन अग्रवाल, मंत्री कृष्णनंदन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विश्व नाथ गुप्ता, गणेश अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, सुरेश चंद सिंघल एवं लक्ष्मण सर्राफ आदि ने महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की। महंत शास्वत महाराज ने पूजा अर्चना कराई। समाज के छात्र/छात्राओं, वरिष्ठ नागरिक, चिकित्सक, सफल व्यवसायी, प्रोफेशनल्स एवं समाज सेवियों का सम्मान किया गया। रक्तवीर मुकेश अग्रवाल का विशेष रूप से सम्मान किया गया। व्यवसाय के क्षेत्र में सुरेश चंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ अग्र जन गोवर्धन दास अग्रवाल, देवी दास अग्रवाल, डॉ. भरत अग्रवाल प्राची अग्रवाल, सीए अर्पित अग्रवाल का सम्मान किया। मेधावी छात्रों में पार्थ बंसल, काव्य बंसल, मंशिका बंसल, कोमल बंसल, मोहित बंसल, हर्ष अग्रवाल, काव्या गोयल, मान्या गोयल एवं हंसिका अग्रवाल का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बालकृष्ण बूरे वाले, विनोद तेलवाले, भोला अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, अजय सर्राफ, प्रमोद दवाई वाले, विनोद जनरल स्टोर, बंशीधर अग्रवाल, गोरी शंकर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पंकज टाल वाले, बबलू अग्रवाल, कपिल बंसल, महेश बंसल, आलोक अग्रवाल, राजीव गोयल एवं हरिवंश अग्रवाल उपस्थित थे।

# राजीव एकेडमी के 20 एमबीए के छात्र-छात्राओं को मिली इण्टर्नशिप

## कम्पनी प्रतिमाह देगी 15 हजार रुपये का स्टाइफण्ड

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट के 20 एमबीए छात्र-छात्राओं को जिलहोच कम्पनी ने इण्टर्नशिप के लिए चयनित किया है। कम्पनी चयनित छात्र-छात्राओं को न केवल प्रशिक्षण देगी बल्कि प्रतिदिन उनके कार्य का मूल्यांकन करने के बाद प्रतिमाह 15 हजार रुपये स्टाइफण्ड देकर प्रोत्साहित करेगी। चयनित छात्र-छात्राएं कम्पनी में प्रोजेक्ट, असाइनमेंट, केस-स्टडी आदि का प्रशिक्षण हासिल करेंगे।



जिलहोच कम्पनी में इण्टर्नशिप के लिए चयनित राजीव एकेडमी के विद्यार्थी।

आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल तथा संस्थान के निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए लगन और मेहनत से प्रशिक्षण हासिल कर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा है कि ट्रेनिंग के दौरान ही कम्पनी द्वारा विद्यार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन करना करियर को ऊंची उड़ान मिलने का संकेत है।

संस्थान के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग प्रमुख डॉ. विकास जैन ने बताया कि हाल ही में दिल्ली स्थित जिलहोच कम्पनी ने राजीव एकेडमी के 20 छात्र-छात्राओं को इण्टर्नशिप के लिए चयनित किया है। विद्यार्थी कम्पनी में रहकर न केवल बिजनेस के टिप्स सीखेंगे बल्कि कम्पनी इस दौरान इनके कार्य का मूल्यांकन करते हुए प्रतिमाह 15 हजार रुपये के हिसाब से स्टाइफण्ड प्रदान करने के साथ-साथ इनकी ट्रेनिंग में सफलता के बाद जॉब के लिए भी अनुशंसा करेगी। डॉ. जैन का कहना है कि राजीव एकेडमी में एमबीए के प्रथम वर्ष के अध्ययन के बाद ही विद्यार्थियों को जॉब प्राप्त करने का सुनहरा मौका होगा। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में एमबीए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की विश्वविद्यालय की परीक्षाएं सम्पन्न हो जाने के बाद उन्हें ट्रेनिंग के लिए कम्पनी भेजा जाएगा। इसमें चयनित हुए छात्र-छात्राओं में अमन शर्मा, अंजली गौतम, चेतना शर्मा, दीक्षा गर्ग, दिव्या राजपूत, गौरी गोयल, कोमल सिंह, कृतिका सारस्वत, नीलम सिंह, नीतू कुमारी, निकिता पाराशर, निशा शर्मा, पुनीत सारस्वत, पुनीत कुमार, साक्षी अग्रवाल, शिवानी यादव, सोनी वार्णेय, तेजपाल सिंह, विधि शर्मा, विकेश चौधरी शामिल हैं।

इण्टर्नशिप के दौरान स्टाइफण्ड मिलने की घोषणा से विद्यार्थियों तथा अभिभावकों में खुशी है। प्रबंधन की अण्डर ग्रेजुएट डिग्री (बीबीए) में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में भी उल्लास का वातावरण है।

कम्पनी के अधिकारियों ने बताया कि कम्पनी का आदर्श वाक्य यह समझाता है कि धन लोगों के लिए कैसे कार्य कर सकता है, न कि केवल धन के लिए कार्य करना। यह कम्पनी रियायती दर पर हाउसिंग लोन, म्युचुअल फण्ड, इश्योरेंस और लाइफ इश्योरेंस आदि का कार्य भी करती है। कम्पनी इण्टर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों के लिए तीन मुख्य बातों पर फोकस करती है। पहला पर्सनल वेल्द मैनेजमेंट सीखना, दूसरा प्रोफेशनल डेवलपमेंट तथा तीसरा एच.आर. कन्सल्टेंट बनना।

# लैंग्वेज है कम्प्यूटर एप्लीकेशन की नींव

## बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई कार्यशाला

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीटेक कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, बीसीए एवं एमसीए छात्र-छात्राओं के लिए वाई हिल्स प्रा0लि0 नोएडा मुख्य ट्रेनर द्वारा पाइथन प्रोग्रमिंग विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला कराई गई। ट्रेनर ने बताया कि पाइथन प्रोग्रमिंग बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें लैंग्वेज बहुत सारी कम्प्यूटर एप्लीकेशन की नीव है। पाइथन प्रोग्रमिंग को सीख करके आसानी से अच्छी कम्पनियों में अच्छे पैकेज पर जॉब पायी जा सकती है। व्याख्यान में विभागाध्यक्ष डा. राजेश सिंह एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इंजी. नितिन मित्तल, निदेषक प्रो. डॉ. श्याम सुन्दर अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार भगवान सिंह ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि आजकल प्रोग्रामिंग लैंग्वेज बहुत महत्वपूर्ण है हमारा संस्थान भी इस तकनीक को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का काम कर रहा है जिससे यह जानकारी छात्र-छात्राओं को भविष्य में एक अच्छी जॉब प्राप्ति के लिए भी सहायक सिद्ध होगी।

## कान्हा की नगरी में धूमधाम से निकली राम बारात

# सिया बिहान चले रघुराई.....



अवधपुरी में चारों भाइयों सहित प्रभु श्री राम जी



श्री राम बारात में नाचती काली का स्वरूप।

**वरिष्ठ संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा की जन्मस्थली में आज देर रात को श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की बारात सात दर्जन कलात्मक झांकियों के साथ धूम धाम से निकाली गई। बारात का ब्रजवासियों ने तहे दिल से पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। इस दौरान महानगर जनकपुर नजर आ रहा था।

अनेक बैण्ड बाजों की सुमधुर स्वरलहरियों के साथ बाटी वाली कुंज स्थित बृजधाम सेवा समिति के संयोजकत्व में जनमासे से "राम बारात प्रस्थान" कर चौक बाजार में स्व0 किशन चन्द शर्मा चैरिटेबिल ट्रस्ट के तत्वावधान में पं. मनोज शर्मा व पं. बादल शर्मा के संयोजकत्व में बनी अवधपुरी पहुंची। वहां से स्वागत

### ब्रजवासियों ने बारात का पग–पग पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

### सात दर्जन झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

सत्कार के उपरांत स्वामी घाट, छत्ता बाजार, होली गेट होती हुई कोतवाली रोड होकर बारात भरतपुर गेट स्थित जनकपुरी पहुंची। वहां प्रभु राम व जानकी के विवाहोत्सव की लीला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर तिलकद्वार अग्रवाल धर्मशाला के संयोजकत्व में जनकपुरी समिति द्वारा मुनि वशिष्ठ, विश्वामित्र व राजा दशरथ का मिलनी कर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात् विवाह की लीला के अन्तर्गत माता जानकी जी ने प्रभु श्रीराम व प्रभु श्रीराम ने माता जानकी का वरमाला पहना कर वरण किया, तो उपस्थित जन समुदाय श्रीराम व माता जानकी की जय–जयकार करने लगा।

रामबारात का मार्ग में अनेक स्थानों पर आरती व पुष्प वर्षा, आरती कर नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया गया। राम बारात में राजा रामचन्द्र के जयघोषों से कृष्ण नगरी राम के रंग में रंगी नजर आयी। राम बारात की संचालन व्यवस्था में प्रशासन के सहयोग हेतु जुलूस मंत्री विनोद सर्राफ, अपने सहयोगी शुभम बिजली, हिमांशू सूतिया, मनीष गर्ग, कुशल जिन्दल, रामगोपाल शर्मा, विवेक सूतिया, कृष्णगोपाल शर्मा, अमन कुमार, राहुल अग्रवाल, रोहित अग्रवाल आदि अनेक साथियों का रहा। राम बारात में पूर्व राज्यमंत्री रविकान्त गर्ग, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, मूलचन्द गर्ग, विजय सर्राफ किरोड़ी, प्रदीप सर्राफ पीके, शैलेश अग्रवाल सर्राफ, अजय मास्टर, पं शशांक पाठक, संजय बिजली, नगेन्द्रमोहन मित्तल, अजयकान्त गर्ग, पं अमित भारद्वाज, प्रेम सर्राफ, मदनमोहन श्रीवास्तव, चिन्ताहरण चतुर्वेदी, सोहनलाल शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, अजय सर्राफ, अनूप टैण्ट, राजनारायण गौड़, हिमांशू सूतिया, विष्णु शर्मा आदि उपस्थित थे। रामलीला महोत्सव के अंतर्गत चार अक्टूवर को 'कोप भवन' की लीला सायं 7 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान रंगमंच पर होगी।

## बिना टिकट यात्रियों से रेलवे ने 4 .46 करोड़ का जुर्माना वसूला

**यूनिक समय, मथुरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के दिशा निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग आगरा मंडल ने ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वालों से वित्तीय वर्ष 2024–25 की द्वितीय तिमाही में विशेष टिकट जाँच अभियान चलाकर 4.46 करोड़ का जुर्माना वसूला।

विशेष चेकिंग अभियान के तहत ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज एवं गंदगी फैलाने व धूम्रपान करने वाले, अनधिकृत वैंडरो एवं स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ियों में सघंन जांच करायी गयी। जिसके चलते वित्तीय वर्ष की द्वितीय तिमाही में 82522 केस पर 4.46 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। सितम्बर माह में 15029 बिना टिकट यात्रियों से 93.08 लाख, अनधिकृत यात्रा करने वाले 12798 यात्रियों से 58.35 लाख तथा बिना बुक लगेज के साथ यात्रा करने वाले 31 यात्रियों से 11.725/– सहित कुल 27858 यात्रियों से 1.51 करोड़ का जुर्माना वसूला गया। वित्तीय वर्ष 2024–25 (जुलाई से सितम्बर– 2024) में रेलवे को 4.46 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

जनसंपर्क अधिकारी कुमारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि टिकट चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम तथा रेलगाड़ियो मे विकलांग, महिला कोच, आरएमएस कोच तथा पैंट्री कार की भी सघन चेकिंग कराई गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे यात्री सेवा में सदैव तत्पर है। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करे, स्टेशन तथा रेल परिसर में गंदगी न फैलाए।

## फरह में हवन के साथ हुआ अग्रसेन जयन्ती महोत्सव का शुभारंभ

**यूनिक समय, फरह।** कस्बा में महाराज अग्रसेन जयन्ती महोत्सव की शुरुआत हवन के साथ हुई। आज सुबह कस्बे के बांकेबिहारी मन्दिर पर महाराजा अग्रसेन के जन्मदिन पर विधि विधान से हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे के गणमान्य वैश्य बन्धुओं ने भाग लिया। महाराज अग्रसेन एवं माता लक्ष्मी की जय जयकार की गई। उसके बाद 18 राजकुमारों का चयन लकी ड्रॉ से किया गया।



गौरतलब है कि कल प्रातः 151 कलश के साथ भव्य यात्रा निकाली जायेगी। सायंकाल में शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। हवन के दौरान, रामलाल सिंघल, हरिओम अग्रवाल, नीरज गर्ग एडवोकेट, विष्णु बंसल, दाउद्दयाल अग्रवाल, संजू लाला, ताराचन्द गडाये वाले, दुर्गेश अग्रवाल, विभोर गोयल, दीपक अग्रवाल, रिसी अग्रवाल, वासुदेव अग्रवाल, कुंवरचन्द अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, गौरव मित्तल, गोपाल सिंघल, कन्हैया अग्रवाल, अनुज सिंघल आदि मौजूद रहे।

## मंत्रोच्चारण के बीच हुआ महाराजा अग्रसेन का पूजन

**यूनिक समय, कोसीकलां।** ध्वजारोहण, हवन यज्ञ, कलश यात्रा और महाराजा अग्रसेन को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरुआत हो गई। अग्रबंधुओं ने समाज के पुरोधा का गुणगान करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को एक माला में पिरोया है। अब हमारी जिम्मेदारी इसे संवारकर रखने की है।

श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा द्वारा गुरुवार को प्रभात फेरी, सत्यनारायण की कथा, ध्वजारोहण के साथ महाराजा अग्रसेन जी को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। त्रिलोकचंद, सोनू शेरगढ़िया ने पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामनगर स्थित तोताराम मंदिर से महाराजा अग्रसेन मानव सेवा संस्थान महाराजा अग्रसेन सेवा समिति, अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा बैंडबाजों के साथ भव्य मंगल कलश यात्रा झांकियों के साथ निकाली गयी। जिसमें करीब 300 अग्र महिलाओं ने सहभागिता की। कलश यात्रा का जगह–जगह अग्र वंशजों ने पुष्पवर्षा व जलपान कराकर स्वागत किया गया।



कोसीकलां अग्रवाल सभा के पदाधिकारी महाराज अग्रसेन की प्रतिमा का पूजन व माल्यार्पण करते हुए।

### महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा नौ को

श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा के अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा 9 अक्टूबर बुधवार को ग्यालाल स्मृति भवन से निकलेगी। जिसमें 18 सफेद घोड़ों पर राजकुमार और सूर्यवंशम चांदी के सिंहासन पर सवार हो अग्रसेन महाराज, कुल देवी मां लक्ष्मी का भव्य डोला निकलेगा। शोभायात्रा में महारानी माधवी और कई आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। उन्होंने अग्र बंधुओं से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### बैंड–बाजों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

### शहनाई वादकों के बीच हुआ महाराजा अग्रसेन का पूजन

अग्रसेन चौक स्थित महाराज अग्रसेन की प्रतिमा की आरती उतारी। इस दौरान पर वक्ताओं ने कहा कि महाराज अग्रसेन ने विश्व को लोकतंत्र, समाजवाद, अहिंसा व मानवता का संदेश दिया था। अपने राज्य में बसने वाले हर आगंतुकों को एक ईंट और एक रुपए की प्रथा उनकी समाजवादी सोच का परिचायक है। अग्रवाल सभा अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल उर्फ वेदी अगरारिया ने सभी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, संजीब जाबिया, देशबंधु अग्रवाल, कमल किशोर वार्ष्णेय, दयाशंकर अग्रवाल, मनीष कादौनिया, राजीव बठैनिया, राहुल जैन कामिया, प्रमोद बठैनिया, राहुल एडवोकेट, डॉ. अनुराग अग्रवाल, कैलाशचंद जैन, कन्हैयालाल गोयल, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगवत प्रसाद रुहेला, हरिओम गुप्ता, अजय गोयंका, मनीष जैन, रोशनलाल सौखियां, दिनेश अग्रवाल बठैनिया, सुभाष मित्तल, डॉ. नरेश मंगला, डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. मुकुल अग्रवाल, डॉ. प्रकाश अग्रवाल, डॉ. जगदीश जिंदल, डॉ. दिव्यांशु जिंदल, सुभाष बांसईया, केके अग्रवाल, विजय मंगला, भाजपा नेता तरूण सेठ, गिरीश अग्रवाल, रामकिशन फालैनिया, राहुल मंगला, अंकित अग्रवाल, कल्पेश जैन, सौरभ जैन आदि लोग मौजूद थे।

उठावनी



स्व. श्री काशीनाथ अग्रवाल चूड़ी वाले (कसेरे)

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री काशीनाथ अग्रवाल जी का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 03.10.2024 दिन गुरुवार को हो गया है। उठावनी आज दिनांक 04.10.2024 दिन शुक्रवार को महिलाओं एवं पुरुषों की दोपहर 3 से 4 बजे तक अग्रवाटिका, मसानी रोड, मथुरा पर होगी।

शोकाकुल

मुरारी लाल–कुसुम अग्रवाल, राजकुमार–आशा अग्रवाल
विजय–सुनीता अग्रवाल, गोपाल–सपना अग्रवाल (पुत्र–पुत्रवधु)
मोहित–चंचल, विशाल–वंदना, स्पर्श–स्वाति, शशांक
समन्वय (नाती–नातीवधु) कौशल, रिद्धि, चेष्ठा, तनिष्क
शायला (पौत्र, पौत्री) एवं समस्त कसेरे परिवार

फर्मः– • काशीनाथ बैंगिल स्टोर
• बृजवासी अंगूठी वाले • बृजवासी सुजुकी

## नवधा फिल्मोत्सव पांच को बीएसए इंजी . कॉलेज में

**यूनिक समय, मथुरा।** आरएसएस के सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने बताया कि सिनेमा और संस्कृति परस्पर रूप से जुड़े हुए हैं। यह सांझी विरासत है। जो दो धाराओं को आपस में बांधती है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति के वैश्विक प्रसार एवं प्रचार के लिए सिनेमा एक सशक्त माध्यम है क्योंकि भारतीय अस्मिता की झलकियां सिनेमा में मिलती है और भारतीय सिनेमा भारतीयता की अनूठी मिसाल है।

सह प्रांत प्रचार प्रमुख ने बताया कि गौ–आधारित जीवन दर्शन तथा गाय के सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक महत्व को समाज में प्रसारित करने हेतु विश्व संवाद केन्द्र, ब्रज प्रान्त के संयोजकत्व में दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति ?द्वारा बी.एस.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा में 05 अक्टूबर को नवधा फिल्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कीर्ति कुमार ने बताया कि मवधा फिल्मोत्सव में गाय की पीड़ा, गाय और गांव, आस्था का प्रतीक गाय, अर्थव्यवस्था की रीढ़ गाय, समृद्धि का परिचायक गाय, प्राचीन बाल से गाय का महत्व तथा भारतीय संस्कृति में गाय का महत्व, इन विषयो पर इस फिल्मोत्सव में लघु फिल्म निर्माताओं को आमंत्रित किया था। फिल्मोत्सव में प्रदर्शित करने हेतु उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों से प्राप्त फिल्मों में से 22 लघु फिल्मों का चयन किया गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 5100 रुपये और सांत्वना पुरस्कार 1,000 रुपये दिये जाएंगे। नवधा फिल्मोत्सव के बारे में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 94122 50301 एवं 87917 77345 पर सम्पर्क किया जा सकता है।



गायों के महत्व पर आधारित लघु फिल्मों का होगा प्रदर्शन।

## जिन गांवों में शहीदों की मूर्ति व द्वार नहीं बने हैं बनाएं : एडीएम




जिला सैनिक बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सैनिक बंधु मथुरा की मासिक बैठक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विजय शंकर दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल एके सिंह ने पिछली बैठक में प्राप्त बिंदुओं पर हुई प्रगति से अवगत कराया। इसमें जिला सैनिक बंधु सदस्य खेमचंद शर्मा नगेश ने जनपद के शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में स्मारक, स्मृति द्वार एवं कार्यालय स्थित शहीद सैनिक स्मारक के सौंदर्य करण शीघ्र करने का निवेदन किया। बैठक में कैप्टन हरिहर शर्मा एवं सूबेदार मेजर मुलायम सिंह ने अपनी समस्याओं के निदान हेतु प्रार्थना पत्र दिए। अपर जिलाधिकारी ने शहीद स्मारक, स्मृति द्वार आदि के निर्माण के संबंध में जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे ग्राम जिन में उक्त कार्य नहीं हुए हैं उन ग्रामों की सूची तैयार कर कार्य पूर्ण किए जाएं। बैठक में कैप्टन जवाहरलाल, मनोज कुलश्रेष्ठ वरिष्ठ लिपिक, सूबेदार मेजर श्याम बाबू शर्मा, बृज सिंह पांडव, प्रेम सिंह, श्याम सुंदर बेनीवाल, सी के शर्मा, नरेश यादव, महेश सारस्वत, ओमप्रकाश सारस्वत, धर्मवीर, आरबी सिंह आदि ने भाग लिया।

# पेट की सूजन, मरोड़ और गैस से मिलेगा छुटकारा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पेट में सूजन आम समस्या बनती जा रही है। जिसके कारण तेज दर्द, मरोड़ और गैस एसिडिटी की समस्या होने लगती है। पेट की सूजन से राहत पाने के लिए कुछ घरेलू उपाय असरदार साबित होते हैं। जानिए नेचुरली पेट को ठीक कैसे करें? गैस्ट्राइटिस एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। खराब लाइफस्टाइल के चक्कर में गैस्ट्राइटिस के मरीजों को संख्या काफी बढ़ गई है। स्थिति गंभीर होने पर पेट की परत पर सूजन आने लगती है। जिससे दर्द, सूजन, मतली और कई बार उल्टी भी हो अगर आपको कभी गैस्ट्राइटिस की समस्या हो तो कुछ घरेलू उपायों से राहत पा सकते हैं। आज हम आपको पेट की सूजन को कम करने और गैस के दर्द में राहत पहुंचाने के लिए कुछ उपाय बता रहे हैं। जानिए आपको क्या करना होगा?

**अदरक वालए चाय—** अदरक वाली चाय नेचुरली पाचन क्रिया को मजबूत बनाने में मदद करती है। अदरक में सूजन कम करने वाले तत्व पाए जाते हैं जो गैस से राहत, सूजन और पेट की खराबी को दूर करने के लिए अच्छे माने जाते हैं। अदरक की चाय बनाने के लिए 1 कप पानी गर्म करें और उसमें थोड़े अदरक के टुकड़े कर उबाल लें। अब इस चाय को हल्का ठंडा होने पर पीएं। आप दिन में 2 बार इस चाय का सेवन करें।

**एलोवेरा जूस—** एलोवेरा में पेट को शांत कर ट्रीट करने वाले गुण पाए जाते हैं। जिससे नेचुरली गैस्ट्रिक सूजन को कम किया जा सकता है। पाचन को बढ़ाने और गैस्ट्रिक एसिड को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए रोजाना खाली पेट आधा कप एलोवेरा जूस का सेवन करें।

**प्रोबायोटिक्स—** खाने में दही जैसे प्रोबायोटिक्स को शामिल करें। इससे पाचन तंत्र में गुड बैक्टीरिया बढ़ते हैं और गैस्ट्राइटिस के लक्षण कम होते हैं। प्रोबायोटिक्स दही, केफिर और दूसेर फर्मेंटेड फूड में पाए जाते हैं। इसके लिए आप रोज 1 कप सादा दही खाने में शामिल करें। इससे गट हेल्थ में सुधार आएगा। **कैमोमाइल टी—** फूलों की चाय में कैमोमाइल टी को काफी अच्छा माना गया है। कैमोमाइल में सूजन-रोधी और पाचन को शांत करने वाले गुण पाए जाते हैं। कैमोमाइल चाय पीने से पेट ठीक हो जाता है। इससे जलन को कम कर गैस्ट्राइटिस को शांत किया जा सकता है। खाने के साथ या फिर खाने के बाद आप इस टी को पी सकते हैं।

**मुलेठी की चाय—** मुलेठी को पेट और गले दोनों के लिए अच्छा माना जाता है। पेट की समस्याओं के इलाज के लिए, सूजन कम ककने के लिए मुलेठी का उपयोग किया जा सकता है।

मुलेठी पेट में एसिड से होने वाले नुकसान को कम करती है। आप मुलेठी की चाय या मुलेठी की गोलियां खा सकते हैं।

# कबूतरों से फैल रही सांस की बीमारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कबूतर की बीट फ्लोर-दीवारों पर गिरने के बाद डस्ट बनकर हवा में मिल जाती है और सांसों के जरिए रेस्पिरेटरी ट्रैक तक पहुंच जाती है। फिर लंग्स में पहुंचकर ये इम्यून सिस्टम को अफैक्ट करती है और इंफेक्शन की वजह बनती है। बाबा रामदेव से जानें बचे लंग्स को इतना मजबूत कैसे बनाएं कि किसी भी इंफेक्शन का असर ना हो। कबूतरों को देखकर आप भी जरूर गुनगुनाते होंगे, कबूतर कभी लव स्टोरी में संदेशे लेकर जाते हैं तो कभी देशभक्ति में उन्हें शांति दूत बनाकर उड़ाया जाता है। चाहे वो शांतिदूत सफेद कबूतर हों या फिर खबर लाने वाला जासूस कबूतर हरेक की अपनी अहमियत और खूबसूरती है। वैसे घरों की बालकनी में छतों पर आकर बैठे ये कबूतर बहुत ही प्यारे लगते हैं। लेकिन ये कबूतर सेहत के लिए हानिकारक बन गए हैं एक्सपर्टस के मुताबिक कबूतर से 'इंटर-स्टिशिअल लंग्स डिजीज' यानि आई एल डी फैल रही है।अब ये भारी भरकम बीमारी आई एल डी आखिर है क्या ? इसे आप ऐसे समझिए कि ये--लंग्स इंफेक्शन से होने वाली बीमारियों का फुल पैकेज है जिसमें 'हाइपर सेंसिटिविटी ''न्यू-म-नाइटस'' सबसे जानलेवा है जिसकी गिरफ्त में आई एल डी के 50% पेशेंट आते हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह है- कबूतर की बीट जो फ्लोर-दीवारों पर गिरने के बाद डस्ट बनकर हवा में मिल जाती है और सांसों के जरिए रेस्पिरेटरी ट्रैक तक पहुंच जाती है। फिर लंग्स में पहुंचकर ये इम्यून सिस्टम को अफैक्ट करती है और इंफेक्शन की वजह बनती है जिससे फेफड़ों में ऑक्सीजन का फ्लो रुकने लगता है और धीरे-धीरे आई एल डी यानि लंग्स की दूसरी तमाम बीमारियों का गेटवे बनता है। अगर इस इंफेक्शन का पता दो-ढाई महीने के अंदर चल जाए तो ये क्योर हो सकता है।

लेकिन ऐसा होता कहां है ज्यादातर मामलों में पता तब लगता है जब लंग्स डैमेज होकर इर्रिवर्सेबल कंडीशन में पहुंच जाते हैं। लंग्स के सेल्स डैमेज होकर सख्त हो जाते हैं सांस लेने में तकलीफ होती है और फिर शरीर में ऑक्सीजन का लेवल घटने लगता है जिससे एंग्जायटी अटैक आते हैं

# दूध में केला मिलाकर खाना फायदेमंद है या नुकसानदायक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दूध और केला का संयोजन सेहत के लिए लाभकारी है या नुकसानदायक। चलिए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं? हम सदियों से सुनते आ रहे है दूध और केला का संयोजन सेहत के लिए लाभकारी है। ये दोनों ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिनका एक साथ सेवन करने पर वजन तेजी से बढ़ता है, शरीर को ऊर्जा मिलती है और दिनभर एक्टिव रहते हैं। लेकिन कई लोगों का मानना है कि दूध में केला मिक्स कर नहीं खाना चाहिए इससे सेहत से जुड़ी कई समस्या हो सकती है। अब इस बात में कितनी सच्चाई है यह जानने के लिए हमने ग्रेटर नोएडा में स्थित शारदा अस्पताल में जनरल फिजिशियन डॉ. श्रेय श्रीवास्तव से बातचीत कर यह जाना कि क्या सच्चाई है और क्या मिथक? सेहत के लिए है

डॉक्टर के अनुसार, केले और दूध का मिश्रण एक लोकप्रिय फ़ूड रेसिपी है, खासकर इसका इस्तेमाल स्मूदी के रूप में किया जाता है और लोग बड़े चाव से इसक सेवन करते हैं। डॉक्टर श्रेय कहते हैं कि दूध में केला मिलाकर खाना चाहिए या नहीं इस बार में विशेषज्ञों की मिली-जुली राय है। कुछ न्यूट्रिशनिस्ट का तर्क है कि केले और दूध का एक साथ सेवन करने से कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और आवश्यक विटामिन का अच्छा संतुलन मिलता है। केले में पोटैशियम, विटामिन बी6 और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जबकि दूध कैल्शियम और प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है। साथ में, वे एक पौष्टिक नाश्ता है, खासकर एथलीटों या ऐसे लोगों के लिए जिन्हें तुरंत ऊर्जा बढ़ाने की आवश्यकता होती है। कई एक्सपर्ट का मानना है कि केले और दूध को मिलाने से इन खाद्य पदार्थों की विपरीत प्रकृति के कारण पेट फूलना और अपच जैसी पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

ऐसा माना जाता है कि यह संयोजन शरीर की पाचन अग्नि को डिस्टर्ब कर सकता है, जिससे पाचन धीमा हो सकता है और विषाक्त पदार्थ बन सकते हैं। कुछ स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि इस

## जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

संयोजन से बलगम बन सकता है, खासकर उन लोगों में जो सांस संबंधी समस्याओं से ग्रस्त हैं। डॉक्टर कहते हैं कि यह हम सब जानते हैं कि केला और दूध का एक साथ सेवन करने से शरीर को कई पोषण संबंधी फायदा मिलता हैइसलिए अपने शरीर की बात सुनना ज़रूरी है। अगर आपको किसी प्रकार की कोई असुविधा या नुकसान नहीं है तो आप उनक एक साथ सेवन करें। वहीं अगर आपको लगता है कि एक साथ सेवन करने से कुछ समस्या हो रही है तो अलग-अलग खाना सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है।

# आंखों की रोशनी हो गई है कम तो करे ये कारगर उपाय



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर कम उम्र में ही धुंधला दिखने लगा है साथ ही जलन और रेडनेस जैसी समस्या से जूझ रहे हैं तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं जो आपकी आंखों की रोशनी को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं आंखें हमारे शरीर का सबसे अहम और संवेदनशील अंग हैं। उम्र बढ़ने के साथ आंखों की रोशनी कमजोर होना सामान्य है लेकिन अगर कम उम्र में ही धुंधला दिखने लगा है साथ ही जलन और रेडनेस जैसी समस्या से जूझ रहे हैं तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। आँखों से पानी आना, सिरदर्द, धुंधली दृष्टि, बेचैनी या थकी हुई आंखें आपकी रोशनी को बहुत कमजोर कर सकती है। ऐसे में आंखों के बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए आप इन कुछ आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाएं।

अपनी आंखों में ऑर्गेनिक गुलाब जल डालें। यह आंखों को तुरंत कूलिंग प्रदान करता है और जलन से राहत देता है। साथ ही अपनी डाइट में घी का इस्तेमाल करें और नाक में घी डालने से आंखों का स्वास्थ्य बेहतर होता है। त्रिफला आंखों के लिए बेहतरीन जड़ी बूटी है। घी के साथ इसका सेवन कर सकते हैं। साथ ही इस जड़ी बूटी से आप अपनी आंखें भी धो सकते हैं। एक चम्मच त्रिफला चूर्ण लें और इसे रात भर 1 गिलास पानी में भिगो दें। सुबह इसे 21 बार मोड़े हुए महीन कपड़े या कॉफी फिल्टर से छान लें। ध्यान रखें पानी में त्रिफला का कोई कण न रह जाए। एक बार छानने के बाद- आप इस पानी से अपनी आँखें धो सकते हैं। रिफ्लेक्सोलॉजी के विज्ञान के अनुसार, जब हम चलते हैं, तो हम अपने दूसरे और तीसरे पैर की उंगलियों पर सबसे ज्यादा दबाव डालते हैं। इन दोनों में सबसे ज्यादा तंत्रिका अंत्र होते हैं, जो आपकी आँखों के कामकाज को उत्तेजित करते हैं और द्रष्टि में सुधार करते हैं। अपनी आंखों के लिए 20-20 का नियम अपनाएं। हर 20 मिनट में, कम से कम 20 फीट दूर किसी चीज़ को 20 सेकंड के लिए देखें, इससे थकान और आंखों का तनाव कम होगा। रोजाना 10 मिनट के लिए आंखों की एक्सरसाइज़ करें। ऊपर और नीचे देखना। ठंडे पानी से आंखों को धोना और गोल आकार में घुमाना जैसी तकनीकें आंखों को अनुकूलित करने में बहुत मदद करती हैं। ध्यान लगाने से दिमाग को शांति मिलती है और शरीर का पित्त संतुलित होता है। संतुलित पित्त लालिमा, आंखों में जलन से बचाता है। यह आपको अच्छी नींद और मन की शांत स्थिति में भी मदद करता है। साथ ही अच्छी नींद लेना आंखों को आराम देने में अहम भूमिका निभाता है।

# पोषक तत्वों का खजाना है हिमालयन नमक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हिमालयन नमक से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। चलिए जानते हैं यह नमक सेहत से जुड़ी किन परेशानियों में कारगर है और इसका इस्तेमाल कैसे करना है? हिमालयन नमक हिमालय के पास से निकाला जाता है। इस नमक का रंग गुलाबी होता है। आयुर्वेद के अनुसार, पिंक हिमालयन सॉल्ट सफेद या काले नमक की तुलना में कहीं ज़्यादा हेल्दी माना जाता है। हिमालयन नमक उन दुर्लभ तत्वों में से एक है जो तीनों दोषों को संतुलित करता है।

यह नमकीन और स्वाद में थोड़ा मीठा, तासीर में ठंडा और पचने में हल्का होता है। नमक का स्वाद आमतौर पर पित्त को बढ़ाता है, लेकिन तासीर में ठंडा होने के कारण पित्त को संतुलित करने में मदद करता है। नमकीन स्वाद के कारण, यह वायु को संतुलित करता है और बलगम को बाहर निकालकर छाती की जकड़न को दूर करने में मदद करता है। हिमालयन नमक का पानी पीने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। चलिए जानते हैं यह नमक सेहत से जुड़ी किन परेशानियों में कारगर है और इसका इस्तेमाल कैसे करना है? हिमालयी नमक पाचन समस्याओं के लिए एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। अजवाइन और हींग के साथ एक चुटकी हिमालयन नमक लेने से पेट फूलना, पेट दर्द आदि से राहत मिलती है। हिमालय नमक के नियमित सेवन से आवश्यक विटामिन और मिनिरल्स मिलते हैं और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह हड्डियों को भी मजबूत करता है और अपने आयरन तत्व के कारण रक्त के स्तर को बढ़ाता है, इसलिए एनीमिया में उपयोगी है। हिमालय नमक मांसपेशियों में ऐंठन को कम करने में मदद करता है। मांसपेशियों में ऐंठन का अनुभव करने वाले लोग पानी में एक चम्मच सेंधा नमक मिलाएँ और कुछ ही मिनटों में राहत पाने के लिए इसे पी सकते हैं।

हिमालयी सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। एक गिलास सामान्य पानी में आधा चम्मच हिमालयन नमक मिलाकर पीने से ही रक्तचाप को संतुलित किया जा सकता है।

## सम्पादकीय

# तोड़ना होगा मादक पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क

जिस तरह से नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है, उसे देखते हुए देश में फैल रहे ड्रग नेटवर्क का अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। दिल्ली में दो हजार करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों की बरामदगी वाकई चौंकाने वाली है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 560 किलोग्राम से ज्यादा कोकीन जब्त की है। इस तस्करी से अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गिरोह जुड़ा हुआ है। पुलिस ने इस गिरोह के 4 लोगों को गिरफ्तार करने में भी कामयाबी हासिल की है।



पवन गौतम
संपादक

देश की राजधानी में इतनी बड़ी खेप का पकड़ा जाना चौंकाने से अधिक चिंता की बात है। दिल्ली ही नहीं, देश के अलग–अलग हिस्सों में हर साल हजारों करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए जाते हैं। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में इन पदार्थों की खपत होती है और युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। पाकिस्तान के रास्ते होने वाली इस तस्करी के जरिए समाजकंटक खूब पैसा कमा रहे हैं। इसमें ऊपर से लेकर नीचे तक मिलीभगत का खेल भी चल रहा है। अहम सवाल यह है कि सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद नशे का यह जाल दिन दूनी, रात चौगुनी प्रगति कैसे कर रहा है? क्या पुलिस और सरकारी एजेंसियों की मिलीभगत भी है? एक दशक पहले तक पंजाब को नशीले पदार्थों का केंद्र माना जाता था। वर्तमान में लगभग पूरा देश इसकी गिरफ्त में नजर आ रहा है। तमाम सरकारी प्रयास नाकाफी नजर आ रहे हैं। क्या नशीले पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि सरकार उसके सामने कमजोर नजर आ रही है? या फिर हमारे कानून में कमी है जिससे अपराधियों को सजा ही नहीं मिल पाती? कई देशों में नशीले पदार्थों को लेकर सरकारें कड़े कानून बना रही हैं। युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ऐसे कृत्य से जुड़े लोगों को सजा दिलाने के लिए भारत में भी कड़े कानून बनाने की जरूरत है। अलग–अलग राज्यों की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय की भी जरूरत है। साथ ही आम जनता का सहयोग भी लिया जाना चाहिए, ताकि नशे के नेटवर्क का समय रहते पता चल सके और उसे तोड़ा जा सके।

मादक पदार्थों की तस्करी के मुकदमों की समीक्षा भी होनी चाहिए। मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़े गए लोगों को कितनी सजा मिली और अगर नहीं मिल पाई तो क्यों? अगर कानूनी दांवपेंच के चलते किसी को सजा नहीं मिल पाई तो इसके लिए आखिर किसे दोषी माना जाए? तस्करों से सांठगांठ के चक्रव्यूह को तोड़ने में आ रही अड़चनों को दूर किए बिना अपेक्षित परिणाम की उम्मीद करना बेमानी होगा।

## नजरिया

# भ्रष्टाचारियों की ढाल बनी केंद्र और राज्यों की सरकारें

**योगेंद्र योगी**

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े–बड़े दावे करते हैं।



वादे हैं वादों क्या, भ्रष्टाचार को लेकर कुछ ऐसी ही हालत भारत की है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े–बड़े दावे करते हैं। भाजपा गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को निशाने पर रखा था। सत्ता पक्ष और विपक्ष के भ्रष्टाचार पर एक–दूसरे पर जबरदस्त प्रहार के बावजूद यह मुद्दा सुरसा के मुंह की तरह लगातार फैलता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार की इस गंगोत्री से कोई अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार का जड़ से खात्मा करना तो दूर बल्कि सत्तातंत्र भ्रष्टाचारियों की ढाल बन कर खड़ा है। इसमें कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं हैं। देश को खोखला करने वाले इस धीमे जहर को संरक्षण देने में केंद्र और राज्यों की सरकारें पीछे नहीं हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। सीबीआई के कामकाज पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक इनमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की सरकारों में अभियोजन स्वीकृति के 41 मामले शामिल हैं जिनमें 149 अधिकारी भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं।

इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों में अभियोजन स्वीकृति के सबसे ज्यादा 75 मामले लंबित हैं जिनमें 197 भ्रष्ट अफसर–कार्मिक फंसें हैं। इनमें वित्तीय सेवा विभाग के 53 मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति लंबित है। वित्त मंत्रालय के बाद रक्षा, रेल, शिक्षा तथा कार्मिक मंत्रालयों में लंबित मामलों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामलों में सैकड़ों अफसरों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। राज्यों/केंद्रशासित राज्यों में कुल 41 भ्रष्टाचार के मामलों 149 अधिकारी आरोपित हैं। इनमें महाराष्ट्र में 3 मामलों में 41 अधिकारी, उत्तर प्रदेश में 10 मामलों में 31, प.बंगाल में 4 मामलों 25, केंद्रशासित जम्मू–कश्मीर में 4 में 19, पंजाब में 4 में 6, मध्यप्रदेश में 1 भ्रष्टाचार के प्रकरण में एक अधिकारी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक नियमों के अनुसार सीबीआई से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अधिकतम तीन माह में अभियोजन स्वीकृति देने का प्रयास किया जाना चाहिए लेकिन लंबित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले तीन माह की अवधि से अधिक पुराने हैं।

सीवीसी की रिपोर्ट में उन मामलो का भी जिक्र किया है जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दरकिनार कर दिया गया। इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंद्र सरकार के अधीन संस्थाएं (पीएसयू–बैंक आदि) शामिल हैं। सीवीसी केंद्रीय मंत्रालयों और पीएसयू–बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के जरिये भ्रष्टाचार व अनियमितताओं पर नजर रखता है। सीवीसी ने कहा है कि कुछ संगठन आयोग की सलाह पर अमल करने और आरोपी अधिकारी को चार्जशीट जारी करने में देरी करते हैं। इससे कई मामलों में दोषी अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाता है और समय सीमा चूकने के कारण कोई भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। गौरतलब है कि सरकारी विभागों में विषबेल की तरह बढ़ते भ्रष्टाचार पर भारत विश्व में कलंकित हो रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 वीं थी। अर्थात भारत में भ्रष्टाचार की रफ्तार थमी नहीं है। इसमें तेजी आई है। इस सूचकांक में भारत आठ पायदान आगे बढ़ गया। वर्ष २०२३ की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया में पाकिस्तान (133) और श्रीलंका (115) अपने अपने कर्ज के बोझ तले दबे हैं और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि हालांकि दोनों देशों में मजबूत न्यायिक निगरानी है, जो सरकार को नियंत्रण में रखने में मदद कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन (76) ने पिछले दशक में भ्रष्टाचार के लिए 37 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से सुर्खियां बटोरीं।

भ्रष्टाचार से देश एक भी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश अछूता नहीं है। केंद्र हो या राज्यों में चाहे किसी भी राजनीतिक दल की सरकारें हों, किन्तु एक भी सत्तारुढ़ दल यह दावा नहीं कर सकता की कोई भी एक विभाग पूर्णतः भ्रष्टाचार से मुक्त हो सका है। देश की तरक्की में बाधक बना यह मुद्दा सिर्फ शोर–शराबे तक ज्यादा सीमित है। जमीनी स्तर पर कोई भी राजनीतिक दल इसके जड़ सहित खात्मे की दिशा को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार के मामलों सिर्फ नौकरशाह ही शामिल हैं। राजनेता भी इसमें पीछे नहीं हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो दोनों के गठजोड़ के कारण ही भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। केंद्र और राज्यों की सरकारें विकास और पारदर्शिता के चाहे जितने दावे कर लें, जब तक भ्रष्टाचार मौजूद है तब तक देश इस मुद्दे पर शर्मसार होता रहेगा।

## विचार–विंडो

# कांग्रेस नेतृत्व बार–बार कर रहा राम मंदिर का अपमान

**मृत्युंजय दीक्षित**

राहुल गांधी वाली कांग्रेस ने अब यह मान लिया है कि उसको अब हिंदू समाज का वोट तो मिलने वाला नहीं है इसलिए अब वह हर काम करो जिससे मुस्लिम मतदाता प्रसन्न हो फिर चाहे वो काम देश विरुद्ध ही क्यों न हो।

लोकसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार विफल होने के बाद, जून 2024 से राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी दोनों ही अवसाद ग्रस्त हैं और यही कारण है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में उनके समस्त सहयोगी हिंदू, हिंदुत्व और सनातन संस्कृति के साथ ही भारत और भारत के विकास को भी निरंतर अपमानित कर रहे हैं। इधर हुई कई घटनाएं व प्रसंग स्पष्ट करते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने अब पूरी तरह से मुस्लिम फर्स्ट की नीति अपना ली है।

एक्सीडेंटल हिंदू गांधी परिवार ने सर्वप्रथम तो पांच सौ वर्षों के अथक संघर्ष से अयोध्या में बने श्री रामजन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अपनी सुविचारित मुस्लिम मतदाता तुष्टिकरण नीति के अंतर्गत बहिष्कार किया। अब सदन से सड़क तक राहुल गांधी उस भव्य समारोह का उपहास करते घूम रहे हैं, उसे गाने नाचने की नौटंकी बता रहे हैं। विगत दिनों कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश में अवैध मस्जिदों व मजारों तथा वहां आ रहे अवैध नागरिकों की पहचान कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाकर अपनी सभ्यता, संस्कृति, पहचान व अस्तित्व को बचाने के लिए हिमाचल की जनता आक्रोशित होकर सड़को पर उतर आई। इस प्रकरण में कांग्रेस ने जो रवैया अपनाया वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

झारखंड में डेमोग्राफी बदलने से लेकर से लेकर मुम्बई की अवैध मस्जिद ढहाने तक कांग्रेस ने मुस्लिम फर्स्ट की नीति का ही परिचय दिया है। पांच सौ वर्षों से अधिक समय तक चले अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि संघर्ष का सुफल सनातन समाज को 22 जनवरी 2024 को प्राप्त हुआ था, कांग्रेस आज भी उसके विरुद्ध खड़ी है। हिमाचल प्रदेश में सनातनी अपने अस्तित्व को लेकर सड़कों पर हैं किंतु मुस्लिम फर्स्ट की नीति के कारण कांग्रेस को कहीं कुछ समझ में नही आ रहा है। भोजन और अन्य खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जब यूपी की योगी सरकार ने दुकानों पर नेमप्लेट लगवाने का आदेश जारी किया तो कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के साथ विरोध में उतर आई और निर्णय को मुस्लिम विरोधी बताने लगी। जब स्थानीय नागरिकों के दबाव में हिमाचल सरकार ने भी उसी प्रकार का निर्णय लिया तो कांग्रेस आलाकमान की मुस्लिम फर्स्ट की नीतियों के कारण उनकी अपनी ही सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ गया और सफाई देनी पड़ी। आज देश के किसी भी कोने से हिंदू हित की आवाज उठते ही उसे दबाने व उसका मजाक बनाने के लिए कांग्रेस और उसका का ईकोसिस्टम जीवंत हो उठता है।

अमेरिका में भारत विरोधी बयानबाजी करके वापस लौटे राहुल गांधी ने अयोध्या पर एक बार फिर आपत्तिजनक बयान देकर अपने शर्मनाक विचारों को ही परोसा है। राहुल गांधी वाली कांग्रेस ने अब यह मान लिया है कि उसको अब हिंदू समाज का वोट तो मिलने वाला नहीं है इसलिए अब वह हर काम करो जिससे मुस्लिम मतदाता प्रसन्न हो फिर चाहे वो काम देश विरुद्ध ही क्यों न हो।

राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि, "जब अयोध्या में राम मंदिर खोला तो वहां पर नाच–गाना चल रहा था, प्रेसवाले हाय–हाय कर रहे थे, पूरा हिन्दुस्तान डांस कर रहा है।" राहुल गांधी या कांग्रेस के नेता क्या किसी और धर्म के पैगम्बर व धार्मिक उत्सव पर इस प्रकार बयानबाजी करने का साहस दिखा सकते हैं। वास्तव में राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हिन्दुओं के प्रति नफरत से भरे हुए हैं और उनकी मोहब्बत की दुकान केवल मुस्लिम समाज के लिए ही खुली है।

राहुल गांधी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर बार बार घिसा हुआ रिकॉर्ड बजा रहे हैं कि वहां पर उस समय कोई पिछड़ा नहीं था गरीब नहीं था श्रमिक नहीं था आदिवासी नहीं था अम्बानी अडानी थे, ऐश्वर्या नाच रही थी, राष्ट्रपति को आदिवासी होने के कारन बुलाया नहीं गया आदि–आदि। जबकि वास्तविकता यह है कि आज अब तक 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालु राम भक्त अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन कर चुके हैं जिसमें हर जाति वर्ग समाज के लोग आ रहे हैं।

राहुल गांधी को यह पता ही नहीं है कि केवल राम मंदिर ही नहीं वरन् काशी विश्वनाथ कारिडोर सहित जहां कहीं भी नव निर्माण कार्य संपन्न हो रहा है उसका उद्घाटन बिना श्रमिकों की उपस्थिति के नहीं किया जाता। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह व काकाशी विश्वनाथ कारिडोर दोनों के उद्घाटन समारोह से पूर्व स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों का सम्मान किया है। अयोध्या में श्रमिकों पर पुष्पवर्षा भी की गयी थी। राम मंदिर पर राहुल गांधी की ताजा टिप्पणी से समस्त हिंदू समाज अपमानित व आंदोलित है। राहुल गांधी को यह बात साबित करनी ही होगी कि वहां पर कहां और किस प्रकार का नाच गाना हो रहा था। यदि भाजपा फैजाबाद सीट (अयोध्या जिसकी एक विधानसभा है) हार गई तो इसका मतलब यह कैसे हो गया कि हिंदू समाज राम मंदिर का आंदोलन हार गया। हिदू समाज राम मंदिर के लिए तब भी संघर्ष कर रहा था जब अयोध्या स्थित राम मंदिर की मुगल हमलावरों ने एक–एक ईंट निकालकर उसका अस्तित्व समाप्त करने का प्रयास किया था। राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि भगवान राम, श्री कृष्ण व शिव हिन्दुओं के आराध्य हैं और वह लगातार इनका अपमान कर रहे हैं।

दतात्रेय गोत्र के नकली जनेऊधारी ब्राह्मण राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस व इंडी गठबंधन का रामद्रोही कुनबा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय कोपभवन में था, उसका रो–रोकर बुरा हाल हो रहा था आंखे सूज रही थीं उनके दिल और दिमाग में चारों ओर घोर निराशा व अंधकार छा गया था यही कारण रहा होगा कि राम मंदिर का उद्घाटन होने पर हिंदू समाज जो उल्लास, उमंग व उत्साह के जोश से परिपूर्ण था तथा होली, दीपावली, रथयात्रा सारे पर्व एक साथ मना रहा था वह आनंददायक वातावरण गलती से नेता प्रतिपक्ष बन बैठे राहुल गांधी को नाच गाना लगा होगा। राहुल गांधी के बयानों से यह बात भी स्पष्ट हो गई है कि गांधी परिवार व उनका दल हिंदू विभाजन तथा उन्मूलन अभियान में लगा हुआ है। साथ ही यह बात भी तय है कि कांग्रेस अब मुसलमानों को रिझाने के लिए किसी भी सीमा पर जाकर कुछ भी करने को तैयार है फिर भले ही वह कार्य भारत विरोधी ही क्यों न हो।

# पहले 2 मैचों के लिए टीम का ऐलान, कोहली और ऋषभ का नहीं नाम



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के बाद टी 20 फर्स्ट सीरीज का आयोजन होना है। इस सीरीज के बीच एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट खेला जाएगा जिसके लिए 18 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम टेस्ट सीरीज फतह करने के बाद अब टी 20 फर्स्ट सीरीज में बांग्लादेश का सामना करने के लिए तैयार है। 3 मैचों की टी 20 फर्स्ट सीरीज का 6 अक्टूबर से ग्वालियर में आगाज होगा। दूसरा मुकाबला 9 अक्टूबर को दिल्ली में और फिर सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा। इस सीरीज के बीच में घरेलू क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी का भी आगाज होगा। 11 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी की शुरुआत होने जा रही है जिसके लिए सभी टीमों ने अपनी-अपनी कमर कस ली है। दिल्ली की टीम भी 11 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। वहीं, दूसरे मैच में दिल्ली का सामना तमिलनाडु से होगा। इन दोनों ही मैचों के लिए दिल्ली ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। दिल्ली ने इससे पहले रणजी ट्रॉफी के लिए 84 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की थी जिसमें विराट कोहली और ऋषभ पंत को शामिल किया गया था। लेकिन अब पहले दो मैचों के लिए चुने गए 18 खिलाड़ियों की लिस्ट में कोहली और पंत का नाम नहीं है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने ये जानकारी दी। रणजी ट्रॉफी के आगाज के साथ ही भारतीय टीम घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में व्यस्त हो जाएगी। ऐसे में कोहली और पंत को दिल्ली की 18 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। हिम्मत सिंह को ल्ली की टीम कप्तान बनाया गया है। लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के धाकड़ बल्लेबाज आयुष बडोनी टीम में जगह पाने में सफल रहे हैं। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी और यश ढुल का नाम भी टीम में शामिल है। तेज गेंदबाज मनी ग्रेवाल को भी टीम में शामिल किया गया है, जबकि सीजन की शुरुआत से पहले सिमरजीत सिंह की फिटनेस एक बार फिर चिंता का विषय है। अगर सिमरजीत फिट नहीं हो पाते हैं तो दिविज मेहरा उनकी जगह लेने के लिए तैयार होंगे। पहले 2 मैचों के लिए दिल्ली का स्कवाडः हिम्मत सिंह (कप्तान), आयुष बडोनी, अनुज रावत (विकेटकीपर), सनत सांगवान, ध्रुव कौशिक, यश ढुल, जोंटी सिद्धू, मयंक रावत, क्षितिज शर्मा, प्रणव राजुवंशी (विकेटकीपर), सुमित माथुर, नवदीप सैनी, हिमांशु चौहान, सिमरजीत सिंह, दिविज मेहरा, रितिक शौकीन, हर्ष त्यागी, मनी ग्रेवाल, शिवांक वशिष्ठ।

# बाबर आजम के इस्तीफा देने पर भड़का दिग्गज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। हाल ही में बाबर आजम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। ये दूसरी बार है जब बाबर ने टीम की कप्तानी छोड़ी है। इससे पहले 2023 वर्ल्ड कप के बाद उन्हें कप्तानी पद से हटा दिया गया था। पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कमजोर टीमों से हारने के बाद अब कप्तान भी पाकिस्तान टीम का साथ छोड़ रहे हैं। बाबर आजम ने 2 अक्टूबर को व्हाइट बॉल की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया जिससे पाकिस्तान क्रिकेट जगत में हड़कंप मच गया। बाबर ने कप्तानी छोड़ने के पीछे की वजह का भी खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वह अपनी बैटिंग पर पूरा ध्यान लगाना चाहते हैं, इसलिए कप्तानी छोड़ रहे हैं। बाबर के कप्तानी पद से इस्तीफा देने के बाद से पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर



## टाइमिंग पर उठाए सवाल

राशिद लतीफ ने नंबर-1 वनडे बल्लेबाज को जमकर सुनाया है। उन्होंने बाबर आजम के कप्तानी छोड़ने की टाइमिंग पर भी सवाल उठाए हैं। बाबर का इस्तीफा ऐसे समय में आया जब पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए तैयार है। इस टेस्ट सीरीज का पहला मैच 7 अक्टूबर से मुल्तान में खेला जाएगा। राशिद लतीफ ने एएफपी से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान टीम में लीडरशिप का संकट है। पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है और इलाज के लिए कोई स्पेशलिस्ट नहीं है। बाबर को दोबारा कप्तानी कबूल नहीं करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि न तो टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही थी और न ही बाबर बड़ा स्कोर बना रहे थे। यह इस्तीफा बहुत देर से आया है और इससे न केवल उन्हें बल्कि टीम को भी अच्छा-खासा नुकसान हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम खराब प्रदर्शन के कारण लगातार आलोचनाओं का सामना कर रही है। फैंस ही नहीं बल्कि पूर्व क्रिकेटर भी पाकिस्तान टीम के खिलाड़ियों को जमकर खरीखोटी सुना रहे हैं। पिछले कुछ सालों से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीसी इवेंट्स के साथ-साथ द्विपक्षीय सीरीज में भी घटिया प्रदर्शन कर रही है। 2023 50 ओवर वर्ल्ड कप के बाद टीम टी 20 वर्ल्ड कप 2024 में भी खराब खेली। नतीजा ये हुआ कि पाकिस्तान टीम ग्रुप स्टेज से भी आगे नहीं जा सकी। अब अगले साल पाकिस्तान की धरती पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर भारी दबाव है। अब देखना होगा कि लिमिटेड ओवर फॉर्मेट में बाबर आजम की जगह किसे कप्तानी मिलती है।

# पाकिस्तान तक सुनाई दी टीम इंडिया की जीत की गूंज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजा बोले- भारत की तूती... रमीज राजा का कहना है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया की तूती बोल रही है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी विजिटिंग टीम के लिए भारत को उन्हीं के घर पर हराना अब एक सपने जैसा है। कानपुर टेस्ट में जिस तरह टीम इंडिया ने जीत दर्ज की उसकी हर जगह तारीफ हो रही है। लगभग पहले तीन दिन बारिश की भेंट चढ़ने के बावजूद भारत ने अंतिम दो दिन में मैच रिजल्ट निकाला। भारत की इस जीत की गूंज पाकिस्तान में भी सुनाई दी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और पूर्व पीसीबी मुखिया रमीज राजा का कहना है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया की तूती बोल रही है। इसी के साथ



उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी विजिटिंग टीम के लिए भारत को उन्हीं के घर पर हराना अब एक सपने जैसा है। रमीज राजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, "इस वक्त घर पर हराने के मामले में भारत सबसे टफ टीम है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टेस्ट क्रिकेट में जो भारत की तूती बोल रही है वो ओवरसीज विक्ट्री से भी बढ़कर है। इसलिए ना सिर्फ ये कंपीटेटिव रहते हैं ओवरसीज में बल्कि मैच भी जीतते है, जिसकी वजह से धाक बन चुकी है। भारत में टेस्ट मैच जीतना आजकल किसी भी विजिटिंग टीम के लिए सपना हो सकता है।" उन्होंने आगे कहा, "रोहित शर्मा की इस जीत में गेंदबाजों ने योगदान दिया। पहली पारी में तेज गेंदबाज छाए रहे, तो दूसरी इनिंग में स्पिनर्स।" रमीज राजा ने इस दौरान टीम इंडिया के स्टार स्पिनर आर अश्विन की भी जमकर तारीफ की, उनका मानना है कि अश्विन को ऑलराउंडर की हैसियत से जो सम्मान मिलना चाहिए था वो अभी तक नहीं मिला है। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, "रवि अश्विन का टेस्ट मैच कमाल का था। घर पर खेलते हुए शतक और इसके बाद 6 विकेट। शायद इनको क्रिकेट में उस तरह का मुकाम नहीं मिला जो मिलना चाहिए ऑलराउंडर के हैसियत से। रिकॉर्ड्स पर जाएं तो अश्विन किसी से कम नहीं हैं। मौके पर सेंचुरी मौके पर विकेट... भाव नहीं खाते हैं, विकेट लेकर और सेंचुरी बनाकर कोई ड्रामा नहीं करते हैं। जब टीम से भी बाहर किया जाता है तो इनके कोई नाज नखरे नहीं है।"

# 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद 'द दिल्ली फाइल्स' करेगी धमाका




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'द कश्मीर फाइल्स' के मेकर्स अब 'द दिल्ली फाइल्स' की कहानी लेकर आ रहे हैं। इसको दो भाग में तैयार किया जा रहा है। इसके पहले पार्ट की रिलीज डेट का ऐलान भी कर दिया है। मेकर्स ने जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। फिल्म मेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री हमेशा अपनी फिल्मों के जरिए सुर्खियां बटोरने के लिए जाने जाते हैं। वो अपनी फिल्मों के जरिए विवादित मुद्दों को उठाते हैं और हलचल पैदा कर देते हैं। 'द ताशकंद फाइल्स', 'द कश्मीर फाइल्स' और 'द वैक्सीन वॉर' जैसी सफल फिल्में बनाने के बाद, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म मेकर अपनी अगली फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' के साथ एक और दिलचस्प कहानी कहने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म ने अपने अनाउंसमेंट के बाद से ही खबरों में जगह बनाई हुई है। इसके अलावा फिल्ममेकर ने इसे अनोखा बनाने के लिए अपनी टीम के साथ मिलकर एक लंबी और गहन रिसर्च की है। अग्निहोत्री ने इस फिल्म के लिए प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल के साथ फिर से हाथ मिलाया है, जिन्होंने 'द कश्मीर फाइल्स' की मेकिंग में अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को काफी तारीफ मिली थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा परफॉर्म किया था। अब मेकर्स ने फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है, जो दो पार्ट्स में बनाई जाएगी। ऐसे में उन्होंने खुलासा किया है कि 'द दिल्ली फाइल्स – द बंगाल चैप्टर' 15 अगस्त, 2025 को रिलीज होगी। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर 'द दिल्ली फाइल्स – द बंगाल चैप्टर' का एक दिलचस्प पोस्टर साझा करते हुए इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'अपने कैलेंडर पर मार्क करें 15 अगस्त, 2025। कई सालों के रिसर्च के बाद द दिल्ली फाइल्स की कहानी एक पार्ट के लिए बहुत शक्तिशाली है। हम आपके लिए द बंगाल चैप्टर लाने के लिए उत्साहित हैं – दो पार्ट में से पहला, जो हमारे इतिहास के एक अहम चैप्टर से पर्दा उठाता है।' विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी फिल्म के लिए गहराई से रिसर्च करने के लिए लंबी यात्रा तय की है। वो केरल से लेकर कोलकाता और दिल्ली तक अलग-अलग जगहों पर गए और जानकारी इकट्ठा की। उन्होंने 100 से ज्यादा किताबें और 200 से ज्यादा लेख पढ़े, जो उनकी फिल्म की पटकथा को मजबूत बनाने में मदद करेंगे। इसके अलावा उन्होंने और उनकी टीम ने 20 राज्यों में यात्रा की और 7000 से ज्यादा रिसर्च पेजेज और 1000 से ज्यादा आर्काइव आर्टिकल्स की स्टडी की है, जो उनकी फिल्म को और भी प्रभावी बनाने में मदद करेंगे।

# 'पुष्पा' के लिए अल्लू अर्जुन नहीं थे पहली पसंद!

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'पुष्पा' में अल्लू अर्जुन का स्वैग हर किसी को पसंद आया। पुष्पा राज के रोल में वो खूब जमे, लेकिन अगर पता चले कि अल्लू अर्जुन इस रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे तो कैसे लगेगा। इस रोल के लिए किसे चुना गया और क्यों उस एक्टर ने ये रोल ठुकराया ये आपको बताते हैं। फिल्म 'पुष्पा' ने सभी के दिलों को जीता और बॉक्स ऑफिस पर छा गई। इस फिल्म के हर किरदार ने वाहवाही लूटी, लेकिन जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा रही वो है लीड किरदार 'पुष्पा राज' का। इस किरदार को साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने निभाया है।

इस रोल में अल्लू अर्जुन एकदम फिट बैठे और उनकी हर अदा लोगों को भाई, उनका स्वैग भी अलग लेवल पर पहुंचा और उनके डायलॉग ने सभी की छुट्टी कर दी। अगर कहा जाए कि आप इस किरदार में किसी और हीरो को इमैजिन करिए तो ये आपके लिए भी थोड़ा मुश्किल होगा, क्योंकि अल्लू अर्जुन इस तरह से किरदार में ढले कि इस रोल को उनके बिना सोचना भी मुश्किल है। अपनी एक्टिंग से उन्होंने इस किरदार को अपना बना लिया, लेकिन मेकर्स के ख्याल में उनसे पहले एक और एक्टर था, जिसने इस रोल को करने से मना कर दिया और उसके हाथ से एक सुपरहिट फिल्म चली गई। इन फिल्मों में 'लाल सिंह चड्ढा' का भी जिक्र आया, जिसमें आमिर खान और करीना कपूर खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। विक्की ने पूछा कि क्या 'लाल सिंह चड्ढा' पहले उन्हें ऑफर की गई थी तो भी उन्होंने क्यों नहीं की। इसके जवाब में शाहरुख ने कहा, 'यहां तक कि आमिर खान को भी वह फिल्म नहीं करनी चाहिए थी।' बाद में हंसते हुए उन्होंने कहा, 'आई लव यू, आमिर।' आमिर खान की 2022 की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा और इसके बाद अभिनेता ने कुछ समय के लिए अभिनय से ब्रेक ले लिया। विक्की यहीं नहीं रुके उन्होंने फिर से पूछा कि क्या सुकुमार द्वारा निर्देशित अल्लू अर्जुन की 'पुष्पाः द राइज' शाहरुख को ऑफर की गई थी। किंग खान ने जवाब दिया, 'हे भगवान, यार! आपने ऐसी बात को छुआ है जो अभी भी दुख देती है। मैं वास्तव में 'पुष्पा' करना चाहता था, लेकिन मैं अल्लू अर्जुन सर के स्वैग से मेल नहीं खा सका।' ऐसे में साफ है कि शाहरुख खान ने भी अल्लू अर्जुन के स्वैग का लोहा माना है। अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पाः द राइज' में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। अब 6 दिसंबर को बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'पुष्पा 2ः द रूल' की रिलीज के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में फहाद फासिल और रश्मिका भी लीड में हैं। वहीं शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना के साथ 'किंग' में नजर आएंगे।

## सुविचार

माफी सिर्फ वही दे सकता है, जो अंदर से मजबूत हो,क्योंकि खोखले इंसान हमेशा बदले की आग में जलते हैं।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 02:58-05:31 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | स्वाति | 06:38-09:33 तक | माह | आश्विन |
| सूर्योदय | | 6:17 AM | चन्द्रोदय | 07:21 AM |
| सूर्यास्त | | 5:58 PM | चंद्रास्त | 06:46 PM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | तुला राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | 11:44 AM –12:31 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:36-05:24 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल | | 10:40 AM – 12:07 PM | वार | शुक्रवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# नवरात्रि : माता का जागरण रात में ही क्यों होता है?



**यूनिक समय, मथुरा।** शारदीय नवरात्रि आज यानी गुरुवार से शुरू हो गई है। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों में माता की स्थापना कर विधि विधान से पूजा शुरू कर दी है। बड़ी संख्या में लोग नौ दिनों का व्रत रखकर अपने घरों में दुर्गा का पाठ करा रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने चढ़ती उतरती का भी व्रत रखा है। बावजूद इसके, बहुत कम लोग जानते हैं कि नवरात्रि के सभी नौ दिन पवित्र तो होते ही है, लेकिन इसमें नौ रातों का बहुत महत्व है। यही वजह है कि इन नौ दिनों को नवरात्रि कहा गया है। इन नौ रात्रियों का दैहिक, दैविक और भौतिक महत्व है।

इस प्रसंग में हम उसी महत्व की चर्चा करने वाले हैं। पहले नवरात्रि की बात करते हैं। देवी पुराण के मुताबिक राम रावण युद्ध के लिए भगवान श्रीराम ने माता रानी का आश्रय लिया था। वह दिन भर युद्ध करते और रात भर माता का जागरण करते थे। नौ दिनों का जागरण संपन्न होने के बाद भगवान ने 10वें दिन माता की ही शक्ति से रावण का वध किया था। उसी समय से नवरात्रि पूजा का विधान बन गया। अब सवाल यह कि नवरात्रि ही क्यों, नौ दिन क्यों नहीं?

**मन को साधने की प्रक्रिया है ध्यान :** इस सवाल का जवाब ध्यान की प्रक्रिया से है। दरअसल इंसान का मन ऊपर से नीचे की ओर बहता है। यह इंसान के मन की सहज प्रवृति है। वहीं ध्यान के माध्यम से मन की गति को नीचे से ऊपर की दिशा में किया जाता है। ऐसा करने से कुंडलिनी जाग्रत होती हैं और मन का सीधा कनेक्शन ब्रह्म से होता है। चूंकि दिन के समय प्रकृति में कई तरह की हलचल होती है। सूर्य की किरणों और अन्य कारणों से कोलाहल की वजह से ब्रह्मांड की तरंगों में अवरोध पैदा होता है, इसलिए बार बार ध्यान भंग होता है। जबकि रात में प्रकृति शांत होती है तो ध्यान में मदद मिलती है।

**सिद्ध होते हैं मंत्र :** यही वजह है कि कोई भी विशेष पूजा रात को की जाती है। इसमें शिवरात्रि, नवरात्रि, होली, दीपावली आदि की पूजा शामिल है। देवी पुराण और देवी भागवत के मुताबिक नवरात्रि की सभी रात्रियों में ब्रह्मांड ग्रहों में अद्भुत योग बनता है और इससे दिव्य ऊर्जा संचारित होती है। ऐसे में मंत्रों के जरिए इस ऊर्जा का सार्थक उपयोग किया जा सकता है। यही वजह है कि नवरात्रि की रात्रि में तमाम ऋषि मुनि एवं अन्य साधक मंत्र जाप, ध्यान, त्राटक आदि साधनाएं करते रहे हैं।

**कैसे करें ध्यानः** ध्यान की प्रक्रिया के मुताबिक किसी शुद्ध आसन पर रीढ़ को सीधा करके बैठें। इसके बाद जब अपने ध्यान को ब्रह्म में केंद्रित करने की कोशिश करेंगे तो मन ब्रह्मांडीय ऊर्जा की ओर आकर्षित होगा। इस परिस्थिति में शक्ति मंत्रों के जाप से रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले हिस्से में सुषुम्ना नाड़ी के भीतर ऊर्जा का संचार होगा। इसे कुंडलिनी जागरण नाम दिया गया है। हर रात यह शक्ति अपने ऊपर के चक्र को जगाती है और अंतिम रात को शक्ति पूरी तरह जाग कर व्यक्ति को ब्रह्म से कनेक्ट कर देती है। पौराणिक मान्यता के मुताबिक कुंडलिनी जागरण ही वास्तव में देवी जागरण है।

## वास्तु के अनुसार घर की इस दिशा में रखें पौधे, जीवन में होगी तरक्की



**यूनिक समय, मथुरा।** वास्तु शास्त्र में छोटे–बड़े पौधों को रखने की एक निर्धारित जगह बताई गई है, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और घर के लोग अपने जीवन में तरक्की करते हैं। कई लोगों को घर में पेड़ पौधे लगाने का शौक होता है। लोग घर में छोटे–बड़े हर तरह के पौधे लगाना पसंद करते हैं। वहीं कुछ लोग अपने घर के गार्डन में बड़े–बड़े वृक्षों जैसे पेड़ भी रखना पसंद करते हैं। लेकिन इस दौरान हमें वास्तु के नियमों का ध्यान भी जरूर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में छोटे–बड़े पौधों को रखने की एक निर्धारित जगह बताई गई है, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और घर के लोग अपने जीवन में तरक्की करते हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में छोटे–बड़े पौधे रखने की अपनी एक निर्धारित जगह है, क्योंकि पौधे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करते हैं। अगर आप उन्हें सही जगह पर रखते हैं, तो घर में हमेशा सकारात्मकता बनी रहती है।

साथ ही घर में धन, वैभव और सुख समृद्धि की कमी नहीं रहेगी। घर में छोटे पेड़ पौधों को हमेशा उत्तर पूर्व दिशा या फिर पूर्व दिशा में रखना चाहिए, क्योंकि ये दिशा हरे रंग की होती है और इसमें वायु तत्व होता है। अगर आप इस दिशा में पौधे लगाते हैं, तो यहां से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। ऐसा करने से घर का वातावरण शुद्ध और हवा शुद्ध होती है। साथ ही घर के लोग भी निरोगी रहते हैं।अगर आप घर में बहुत बड़े और लंबे पेड़ों को लगाना चाहते हैं, तो इसे दक्षिण–पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। ये दिशा काफी शुभ मानी जाती है। दरअसल घर में नकारात्मक ऊर्जा ज्यादातर उसी दिशा से आती है। ऐसे में पेड़ अपनी सकारात्मक ऊर्जा से उस नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने का काम करते हैं। बड़े और लंबे पेड़ को कभी भी पूर्व दिशा में नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करने से सूर्य की किरणों का घर में प्रवेश रुक जाता है।

## प्रत्येक व्यक्ति के स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता दिखनी चाहिए : डॉ . कल्पना



बरसाना नगर पंचायत कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करती नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह, ईओ डॉ. कल्पना वाजपेयी।

### नगर पंचायत की ईओ ने गांधी जयंती पर कर्मचारियों को दिया संदेश

संवाददाता

**यूनिक समय, बरसाना।** नगर पंचायत में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती ध्वजारोहण और चित्रपट पर माल्यार्पण कर मनाई और सफाई नायकों को सम्मानित किया।

बुधवार को आदर्श नगर पंचायत के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधान मंत्री लालबहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान गाया गया। दोनों महापुरुषों के चित्रपट पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर रात दिन मेहनत करके कस्बे को सफाई करने वाले सफाई नायकों को पटुका और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी डॉ. कल्पना बाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि सफाई को हमे अपने स्वभाव और संस्कार में अपनाना चाहिए। क्योंकि महात्मा गांधी जिन्हें हम प्यार से बापू भी कहते हैं। इन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सत्य में अहिंसा का मार्ग बताया, स्वदेशी और आत्मनिर्भर बनाया। नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी ने कहा कि गांधी जी ने हमें स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का महत्व सिखाया है।

हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर एक बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान करना चाहिए। लाल बहादुर शास्त्री ने हमें सादगी, विनम्रता, देश भक्ति, कर्तव्यनिष्ठा, शांति और अहिंसा का महत्व समझाया। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन विजय सिंह, सभासद प्रतिनिधि विवेक अग्रवाल, सभासद चंद्रशेखर, सभासद भोला पहलवान, सभासद प्रतिनिधि नकुल ठाकुर, सभासद चतुर लाल, सभासद श्रीराम, सभासद प्रतिनिधि कन्हैया ठाकुर, सभासद हरिशंकर गुर्जर, रवि शर्मा, गौरव शर्मा, अमित बाबू, जीवन लाल, चेतन, मुकेश शर्मा, सागर, प्रकाश यादव, सीताराम सैनी, सुन्नी, भूषण, राजेश आदि उपस्थित रहे।

### गरुड़ पुराण में इन कामों को करने की होती है मनाही

# वरना कम हो जाती है जातक की आयु

**यूनिक समय, मथुरा।** गरुड़ पुराण एक ऐसा पुराण है, जिसमें मृत्यु और मृत्यु के बाद होने वाली अवस्था का वर्णन मिलता है। वहीं गरुड़ पुराण में ऐसे कार्यों का भी जिक्र किया गया है, जो मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं। हिंदू धर्म में गरुड़ पुराण एक महत्वपूर्ण पुराणों में से एक माना जाता है। गरुड़ पुराण में नरक और स्वर्ग रहस्य नीति धर्म और ज्ञान के बारे में उल्लेख किया गया है। इतना ही नहीं इस अहम ग्रंथ में कुछ ऐसे कामों के बारे में बताया गया है, जिनको करने से व्यक्ति की आयु में कमी आती है। ऐसे में व्यक्ति को इन कार्यों को करने से बचना चाहिए। बता दें कि मृत्यु एक ऐसा सत्य है, जिसको टाल पाना साधारण मनुष्य के वश में नहीं है। गरुड़ पुराण एक ऐसा पुराण है, जिसमें मृत्यु और मृत्यु के बाद होने वाली अवस्था का वर्णन मिलता है। वहीं गरुड़ पुराण में ऐसे कार्यों का भी जिक्र किया गया है, जो मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि गरुड़ पुराण में किन बातों के बारे में बताया गया है, जिनका व्यक्ति को विशेष ध्यान रखना चाहिए।



**न करें इन चीजों का सेवनः** गरुड़ पुराण के अनुसार, रात के समय दही खाने से व्यक्ति की आयु कम होती है। वहीं अगर इस बात को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो रात में दही का सेवन करने से शरीर में कफ दोष तेजी से बढ़ता है। वहीं सूखा मांस का सेवन करना भी गरुड़ पुराण में शुभ नहीं माना गया है।

**गलत होती हैं ये आदतेंः** कुछ लोगों की आदत होती है कि वह देर रात तक जागते हैं और सुबह देर तक सोते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से यह आदत खराब मानी जाती है और गरुड़ पुराण में भी इसको सही नहीं माना जाता है। इस आदत को अपनाने से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। इसलिए जातक को हमेशा ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। वहीं सोने के दौरान दिशा का खास ख्याल रखना चाहिए। दक्षिण दिशा की ओर पैर करके सोने वाले व्यक्ति की आयु में कमी आती है।

**इन बातों का भी रखें खास ध्यानः** गरुड़ पुराण के मुताबिक जो व्यक्ति श्मशान के धुएं के संपर्क में आता है, उसकी आयु कम होती है। क्योंकि श्मशान से निकलने वाले धुएं में बहुत बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। वहीं सुबह के समय अधिक संभोग करने वाले जातक की आयु में कमी आती है।

### बिना हेलमेट और सीट बेल्ट दफ्तर पहुंचे सरकारी बाबू तो खैर नहीं

# ऑफिस में नहीं लगेगी अटेंडेंस, माने जाएंगे गैर हाजिर



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत सरकारी विभागों के ऑफिस में हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं लगाकर आने वाले कर्मचारी अनुपस्थित माने जाएंगे। इसके लिए सुरक्षाकर्मियों और सीसीटीवी की मदद ली जाएगी। यह निर्देश मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जारी किये हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नया आदेश जारी किया है। सरकारी विभागों में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के गाड़ी चलाए जाने पर उनके खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सरकारी विभागों के कार्यालयों में निर्देश जारी किया है। हेलमेट पहनने या सीट बेल्ट नही बांधने के दोषी पाए जाने पर अधिकारी या कर्मचारी को उस दिन की हाजिरी काट ली जाएगी। मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रदेश में 15 दिन का सड़क सुरक्षा अभियान बुधवार से शुरू हो रहा है। प्रदेश भर में सर्वाधिक दुर्घटना मृत्यु वाले 50 ब्लैकस्पॉट चिह्नित किए जाएंगे। साथ ही मुख्य सचिव ने निर्देश जारी किए हैं कि सरकारी कर्मियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट नहीं लगाई तो कार्यालय में अनुपस्थिति दर्ज होगी।

हेलमेट और सीटबेल्ट लगाने के अभियान की शुरुआत सरकारी बाबुओं से हुई है और ये लोगों में जागरूकता पैदा करने की एक सकारात्मक कोशिश है। मुख्य सचिव ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं व उसमें होने वाली मौतों की बढ़ती संख्या राज्य सरकार के लिए चिंता का सबब है। इसमें कमी लाना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। लोगों को यातायात व सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करके इसमें कमी लाई जा सकती है। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलों में तीन या अधिक सड़क दुर्घटना मृत्यु वाले मामलों की जांच के लिए एक जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया जाए। समिति जिले की खतरनाक सड़कों को चिह्नित करेगी। नगर विकास विभाग सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगवाए। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम वाले शहरों और एक्सप्रेसवे पर कैप्चर किए गए यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में शत-प्रतिशत चालान किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि पखवाड़े के दौरान रोजाना सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों, खराब वाहनों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जाए और लगातार गश्त की जाए।

## सरकारी संरक्षण के कारण हाथरस कांड की चार्जशीट में भोले बाबा का नाम नहीं : मायावती




**यूनिक समय, लखनऊ।** मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सत्संग भगदड़ कांड में 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस घटना की जांच के बाद अदालत में दाखिल चार्जशीट में भोले बाबा का नाम नहीं होना जनविरोधी राजनीति है।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार के संरक्षण की वजह से हाथरस कांड की चार्जशीट में सूरज पाल सिंह उर्फ भोले बाबा का नाम नहीं है। बता दें कि हाथरस कांड के बाद बसपा ने सबसे पहले भोले बाबा की भूमिका की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की थी।

बसपा सुप्रीमो ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि हाथरस में 2 जुलाई को हुए सत्संग भगदड़ कांड में 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। इस घटना की जांच के बाद अदालत में दाखिल चार्जशीट में भोले बाबा का नाम नहीं होना जनविरोधी राजनीति है, जिससे साबित होता है कि ऐसे लोगों को राज्य सरकार का संरक्षण है। उन्होंने इसे अनुचित करार देते हुए आगे लिखा कि मीडिया के अनुसार सिकन्दराराऊ की इस दर्दनाक घटना को लेकर 2300 पन्नों की चार्जशीट में 11 सेवादारों को आरोपी बनाया गया है। लेकिन बाबा सूरजपाल के बारे में सरकार द्वारा पहले की तरह चुप्पी क्या उचित है। ऐसे सरकारी रवैये से आगे ऐसी घटनाओं को रोक पाना क्या संभव होगा। इसे लेकर आमजन चिंतित है।

## तहसीलदार साहब के रिटायरमेंट पर बुलाई गईं बार बालाएं



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में अजीब मामला सामने आया है। यहां तहसीलदार के रिटायर्ड होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रोग्राम में बार बालाओं को बुलवाकर जमकर डांस कराया। इस बीच राजस्वकर्मियों ने भी जमकर ठुमके लगाए। प्रोग्राम में पुलिस का वांछित अपराधी भी खूब थिरकता नजर आया।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की लालगंज तहसीलदार के रिटायर्ड होने पर गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह को यादगार बनाने के लिए राजस्व कर्मियों ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रोग्राम में बार बालाओं को बुलाया और उनसे अर्द्धनग्न कपड़ों में जमकर डांस करवाया। महिला डांसरों ने जब कमर

### सरकारी बाबू और मोस्ट वांटेड ने खूब लगाए ठुमके

मटकाना शुरू किया तो शराब के नशे में डूबे कुछे राजस्वकर्मी अपने को रोक नही पाए और जमकर डांसर के कमर में हाथ डालकर थिरकने लगे। इस प्रोग्राम में पुलिस की फाइलों में वांछित अपराधी संदीप सिंह भी मंच पर ठुमके लगाता रहा, जबकि उसके खिलाफ कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू जारी करने के साथ ही कुर्की का भी आदेश जारी किया है। ताजा रिटायर हुए तहसीलदार धीरेंद्र सिंह पहले भी विवादों में रहे है , वह एडीएम से डिमोशन मिलने पर तहसीलदार बनाए गए थे।

### 3200 पेज की चार्जशीट में 11 लोगों को बनाया आरोपी और 676 गवाह

## हाथरस सत्संग हादसा : सुनवाई 4 अक्तूबर को



**यूनिक समय, हाथरस।** इस हादसे के संबंध में दर्ज कराई गई एफआईआर में नारायण साकार हरि भोले बाबा उर्फ सूरजपाल का नाम नहीं था। चार्जशीट भी फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ ही दी गई है। जानकारी के अनुसार इसमें बाबा का नाम नहीं है।

हाथरस के सिकंदराराऊ में सत्संग में मची भगदड़ में हुई 121 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने 1 अक्टूबर को चार्ज शीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। 3200 पेज की इस चार्जशीट में 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसका संज्ञान लेने और सुनवाई के लिए 4 अक्टूबर की तारीख नियत की गई है। 10 आरोपियों की न्यायालय में पेशी भी हुई।

घटना के बाद पुलिस ने पुलिस मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर, मेघ सिंह, मुकेश कुमार, मंजू देवी,मंजू यादव, राम लड़ेते, उपेंद्र सिंह,संजू कुमार, राम प्रकाश शाक्य, दुर्वेश कुमार और दलवीर सिंह को गिरफ्तार किया था। इनमें महिला मंजू देवी और मंजू यादव की हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत स्वीकृत हो चुकी है। इनमें जमानत का सत्यापन नहीं होने और आदेश कोर्ट में नहीं पहुंचने के कारण अभी वह रिहा नहीं हो पाई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजीव कुमार त्रिपाठी के न्यायालय में 10 आरोपियों की शाम करीब 4:00 बजे पेशी हुई।

गत 2 जुलाई को सिकंदराराऊ के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में नारायण साकार हरि भोले बाबा उर्फ सूरजपाल के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। उनका काफिला निकालने के लिए सेवादारों ने भीड़ को रोक दिया था, इस दौरान उनकी चरण रज लेने की होड़ में लोग गिरते गए। इस मामले में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

इस हादसे में मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर सहित अन्य सेवादारों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, प्राणघातक हमला करने, गंभीर चोट पहुंचाने, लोगों को बंधक बनाने, निषेध्याज्ञा का उल्लंघन करने और साक्ष्य छिपाने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

इन पर यह भी आरोप था कि सत्संग में 80 हजार लोगों के जुटने की शर्त का उल्लंघन कर ढाई लाख लोगों की भीड़ जुटाई। यातायात प्रबंधन में भी मदद नहीं की। इस हादसे के संबंध में दर्ज कराई गई एफआईआर में नारायण साकार हरि भोले बाबा उर्फ सूरजपाल का नाम नहीं था। चार्जशीट भी फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ ही दी गई है। जानकारी के अनुसार इसमें बाबा का नाम नहीं है।




## देश को जल्द मिलेगी दूसरी वंदे मेट्रो ट्रेन



**यूनिक समय, लखनऊ।** पहली वंदे मेट्रो ट्रेन के उद्घाटन को अभी 2 हफ्ते ही बीते हैं। इसी बीच यात्रियों के लिए एक नई खुशखबरी सामने आई है। भारतीय रेलवे जल्द ही दूसरी मेट्रो ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है।

16 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली वंदे भारत मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। देश की पहली वंदे मेट्रो ट्रेन गुजरात के अहमदाबाद से भुज तक चलाई गई है। बाद में इसका नाम बदलकर नमो भारत रैपिड रेल रख दिया गया। वंदे भारत ट्रेन की तरह वंदे मेट्रो को लेकर भी लोगों में काफी क्रेज देखने को मिल रहा है। ऐसे में लोग नई वंदे मेट्रो का बेहद बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मगर यह इंतजार अब पूरा हो चुका है।

दूसरी वंदे मेट्रो ट्रेन की सौगात उत्तर प्रदेश को मिलने वाली है। नई वंदे मेट्रो ट्रेन यूपी की राजधानी लखनऊ से लेकर आगरा के बीच चल सकती है। खबरों की मानें तो ट्रेन का रूट निर्धारित हो चुका है। हालांकि भारतीय रेलवे ने अभी तक इसका औपचारिक ऐलान नहीं किया है। ट्रेन के टिकट से लेकर समय सारिणी जल्द ही सामने आ सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारतीय रेलवे दिवाली तक यात्रियों को दूसरी वंदे मेट्रो ट्रेन का तोहफा दे सकता है। वंदे मेट्रो ट्रेन की तारीख अभी सामने नहीं आई है। मगर दिवाली के आसपास इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जा सकती है।

### यूपी के इन शहरों में होगी शुरू, ये होगा रूट

लखनऊ से आगरा के बीच चलने वाली नई वंदे मेट्रो ट्रेन आगरा फोर्ट-लखनऊ इंटरसिटी को रिप्लेस कर सकती है। खबर है कि रेलवे आगरा फोर्ट से लखनऊ के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को हटाने की तैयारी कर रहा है। इसकी जगह वंदे मेट्रो ट्रेन को दी जाएगी। आगरा-लखनऊ इंटरसिटी टूंडला, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, इटावा, फफूंद, पनकी, कानपुर सेंट्रल और उन्नाव समेत 14 स्टेशनों पर रुकती है। वंदे मेट्रो भी इसी रूट से गुजरेगी, लेकिन उसके स्टॉपेज कहां-कहां होंगे? इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है।

वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का परिचालन शुरू होने के साथ ही आगरा के नाम नया रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। आगरा देश का पहला ऐसा शहर होगा, जहां से 5 वंदे भारत ट्रेन और 1 वंदे मेट्रो ट्रेन गुजरेंगी। वर्तमान में आगरा से 4 वंदे भारत ट्रेनें गुजरती हैं। खबरों की मानें तो साल के अंत तक पांचवी वंदे भारत ट्रेन जोधपुर-आगरा कैंट के बीच चल सकती है।

## अलीगढ़ में ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**यूनिक समय, अलीगढ़।** अलीगढ़ के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के जेल फाटक के पास एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि नशे का आदी था। मोहाली नई बस्ती का रहने वाला हरजीत सिंह एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि कई दिनों से परेशान था उसे लेकर उसने आत्महत्या की है।

## लखनऊ में विजिलेंस का छापा

**यूनिक समय, लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में आज जल निगम के पूर्व इंजीनियरों पर विजिलेंस टीम ने छापा मारा है। विजिलेंस टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में इन अफसरों के घर पर रेड की थी। अफसरों ने नोएडा, दिल्ली और देवरिया में महंगी जमीन खरीदी थी। गोल्ड बॉन्ड के तौर पर लाखों रुपये निवेश किए गए थे। जानकारी के अनुसार पांचों इंजीनियरों के घरों में करोड़ों का डेकोरेशन है।

## सार संक्षेप

### भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में सीएम पुष्कर सिंह धामी का रोड शो

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरियाणा चुनाव में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बल्लभगढ़ में भाजपा उम्मीदवार मूलचंद शर्मा के समर्थन में रोड शो में भाग लिया।

### आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** किश्तवाड़ जिले के चत्तरू के नायदगाम के ऊपरी वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### सिसोदिया भी खाली करेंगे बंगला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केजरीवाल के बाद अब मनीष सिसोदिया भी अपना बंगला छोड़ेंगे। सूत्रों की मानें तो सिसोदिया पंजाब से आप पार्टी के सांसद हरभजन सिंह के घर पर शिफ्ट हो सकते हैं। बता दें कि हरभजन सिंह को बतौर सांसद 32 राजेंद्र प्रसाद रोड पर सरकारी बंगला अलॉट है। वहीं मनीष सिसोदिया फिलहाल मथुरा रोड एबी–17 पर रह रहे हैं।

### कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन को ईडी का समन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने उनको समन भेजा है। उन पर 20 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप है। अजहरुद्दीन को आज ईडी के समक्ष इस मामले में पेश होना है।

### मुजफ्फरपुर में बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में लोग विस्थापित

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुजफ्फरपुर के औराई प्रखंड में बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हो गए हैं। लोग अस्थायी शरण की तलाश में सड़क के किनारे तिरपाल की चादरें बिछाकर टेंट लगा रहे हैं।

### अनुराग ठाकुर ने मनसा देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरियाणा के पंचकूला में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मनसा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना की।

### अयोध्या गैंगरेप केस के आरोपी पर एक और मामला दर्ज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अयोध्या गैंगरेप केस के आरोपी मुईद खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सपा नेता पर और मामला दर्ज किया गया है। यह बैंक की धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर की ओर से सपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है।

### जेलों में भेदभाव पर राज्यों से बोला सुप्रीम कोर्ट

# कैदियों से न पूछी जाए जाति, मैनुअल बदलें

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जेल में जाति आधारित भेदभाव पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को निर्देश दिया है। गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए हुए अदालत ने कहा कि जेल में जाति आधारित भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह राज्यों की जिम्मेदारी है। कैदियों से जाति पूछने का कॉलम नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने सभी राज्यों को तीन माह में जेल मैनुअल बदलने का आदेश दिया है। उसने कहा कि मौजूदा समय में संविधान के अनुच्छेद 15, 17, 23 समेत अन्य का उल्लंघन हो रहा है।

सीजेआई ने कहा कि हम उन वकीलों की सराहना करते हैं, जिन्होंने दोनों पक्षों की ओर से बहस की। याचिका में राज्य जेल मैनुअल के प्रावधानों को चुनौती दी गई क्योंकि शारीरिक श्रम के विभाजन, बैरक के विभाजन और कैदियों की पहचान के संबंध में जाति आधारित भेदभाव था। हमने कहा है कि औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानून औपनिवेशिक काल के बाद भी प्रभाव डालते हैं, संवैधानिक समाज कानूनों को नागरिकों के बीच समानता और गरिमा को बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जाति आधारित



भेदभाव के खिलाफ लड़ाई रातोंरात नहीं जीती जा सकती। यह अदालत जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ चल रहे संघर्ष में योगदान दे रही है। हमने अनुच्छेद 14 के तहत गैर–भेदभाव से निपटा है। निर्णय के विश्लेषण के आधार पर कुछ भेदभाव– विरोधी सिद्धांत सामने आते हैं। भेदभाव प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष दोनों हो सकता है, रूढ़िवादिता ऐसे भेदभाव को आगे बढ़ा सकती है, इसे रोकने के लिए राज्य का सकारात्मक दायित्व होता है।

उन्होंने आगे कहा कि अदालतों को अप्रत्यक्ष और प्रणालीगत भेदभाव के दावों पर फैसला देना होगा। हमने कहा है कि पूरे इतिहास में जातिगत भेदभाव से मानवीय गरिमा और आत्मसम्मान को नकारा गया है और अनुच्छेद 17 ने सभी नागरिकों की संवैधानिक स्थिति को मजबूत किया है। कैदियों को गरिमा प्रदान न करना औपनिवेशिक काल का अवशेष है जहां उनका अमानवीय–करण किया गया था।

चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि संविधान कहता है कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए और जेल प्रणाली को कैदियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति के बारे में जागरूक होना चाहिए। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा, हम मानते हैं कि हाशिए पर रहने वाले लोगों को सफाई और झाड़ू लगाने का काम सौंपना और ऊंची जाति को खाना पकाने का काम सौंपना अनुच्छेद 15 के उल्लंघन है। जेल मैनुअल केवल इस तरह के भेदभाव की पुष्टि कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एससी, एसटी और जनजातियों के खिलाफ भेदभाव जारी है, अदालतों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सुरक्षात्मक कानूनों का कार्यान्वयन हो, अदालत को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हाशिए पर रहने वाले लोगों को परेशानी न हो। हमने माना है कि संविधान एससी–एसटी को सुरक्षात्मक भेदभाव के लिए मान्यता देता है, लेकिन जाति का उपयोग हाशिए पर रहने वाले लोगों के खिलाफ भेदभाव करने के लिए नहीं किया जा सकता है और इसे उत्पीड़ितों के खिलाफ भेदभाव को कायम नहीं रखना चाहिए।

## बंगाल : डॉक्टर्स के काम बंद से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**यूनिक समय, कोलकत्ता।** प्रदर्शन कर रहे एक डॉक्टर ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक हमारी मांगों को लेकर हमें बातचीत के लिए नहीं बुलाया। डॉक्टरों ने इस मामले में सीबीआई जांच की गति पर भी चिंता व्यक्त की।

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज–अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में विरोध प्रदर्शन अभी भी शांत नहीं हुआ है। मृतक डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए जूनियर डॉक्टरों ने एक बार फिर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा

### टीएमसी छात्रसंघ समर्थकों ने राज्यपाल को दिखाए काले झंडे

खोल दिया। डॉक्टरों ने एक बार फिर काम बंद कर दिया। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी प्रभावित रहीं। यह दूसरी बार ऐसा हो रहा है कि डॉक्टरों ने अपनी मांग को लेकर काम बंद रखने का फैसला किया है। बता दें कि नौ अगस्त को महिला डॉक्टर का शव मिलने के बाद जूनियर डॉक्टरों ने 42 दिनों तक काम बंद रखा था। हालांकि, वे 21 सितंबर को अपनी ड्यूटी पर वापस लौट गए थे। राज्य सरकार पर मांगों को पूरा न करने का आरोप लगाते हुए डॉक्टरों ने एक बार फिर मंगलवार से काम बंद कर दिए। प्रदर्शन कर रहे एक डॉक्टर ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, "राज्य सरकार ने अभी तक हमारी मांगों को लेकर हमें बातचीत के लिए नहीं बुलाया।" डॉक्टरों ने इस मामले में सीबीआई जांच की गति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सीबीआई की जांच हद से ज्यादा धीमी थी और वे इससे निराश हुए हैं। पीड़ित को न्याय दिलाने की बात करते हुए उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग की।

### बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## पूर्व सांसद सूरजभान समेत 6 बरी, मुन्ना शुक्ला को उम्रकैद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सांसद सूरजभान समेत 6 लोगों को बरी करने के पटना हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। वहीं शीर्ष अदालत ने मुन्ना शुक्ला समेत दो दोषियों को उम्रकैद की सजा मुकर्रर की है। अदालत ने दोनों को 15 दिन के अंदर सरेंडर करने को कहा है। पटना हाईकोर्ट ने इस मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत 8 लोगों को बरी कर दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश को बृज बिहारी प्रसाद की पत्नी रमा देवी और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को उम्रकैद की



फैसला सुनाते हुए इन्हें 15 दिनों के अंदर सरेंडर करने के लिए कहा है।

बिहार सरकार में साइंस और टेक्नोलॉजी मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्कांड में पटना हाईकोर्ट ने वर्ष 2014 में सबूतों के अभाव में मुन्ना शुक्ला, सूरजभान, राजन तिवारी सभी 8 आरोपियों को बरी कर दिया था। पटना हाईकोर्ट के इस फैसले को बृज बिहारी प्रसाद की पत्नी रमा देवी और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में इनकी अपील पर 22 अगस्त को सुनवाई पूरी हुई और अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और आज फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि मंटू तिवारी और विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 307 (हत्या का प्रयास) के तहत आरोप साबित हुए हैं ।

हाईकोर्ट ने 24 जुलाई 2014 को कहा था कि अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों पर गौर करने के बाद सूरजभान सिंह उर्फ सूरज सिंह, मुकेश सिंह, लल्लन सिंह, मंटू तिवारी, कैप्टन सुनील सिंह, राम निरंजन चौधरी, शशि कुमार राय, मुन्ना शुक्ला और राजन तिवारी संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। इसने अधीनस्थ अदालत के 12 अगस्त 2009 के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें दोषी ठहराया गया था और सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### सीएम सिद्धारमैया की बढ़ी मुश्किलें

## अब मुडा मामले में सबूत नष्ट करने का आरोप

**यूनिक समय, बंगलूरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। अब उनके और अन्य लोगों के खिलाफ एक नई शिकायत दर्ज कराई गई है। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में सबूतों को नष्ट करने का आरोप लगा है।

प्रदीप कुमार नाम के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने सिद्धारमैया एवं अन्य के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़ के लिए जांच और मामला दर्ज करने की मांग की। शिकायत में मुख्यमंत्री के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया का भी नाम है।

मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50:50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले



लोग विकसित भूमि के 50% के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया।

सरकार द्वारा योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50:50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है। आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया।

## दिल्ली में 5600 करोड़ के ड्रग्स सिंडिकेट के मास्टरमाइंड का निकला कांग्रेस से कनेक्शन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में करोड़ों रुपये के नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। 5600 करोड़ के ड्रग्स सिंडिकेट का मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी तुषार गोयल उर्फ डिक्की गोयल दिल्ली यूथ कांग्रेस का पदाधिकारी रह चुका है। जानकारी के अनुसार, स्पेशल सेल की पूछताछ में तुषार गोयल ने दावा किया है कि वह 2022 में दिल्ली प्रदेश यूथ कांग्रेस की आरटीआई सेल का चेयरमैन रह चुका है। उसकी कई कांग्रेस के नेताओं के साथ तस्वीर भी है।

जानकारी के अनुसार, ड्रग्स सिंडिकेट के मास्टरमाइंड तुषार गोयल ने फेसबुक पर डिक्की गोयल के नाम से अपना एक प्रोफाइल बनाया हुआ है। इसके बायो में उसने लिखा हुआ है चेयरमैन (दिल्ली प्रदेश) आरटीआई सेल। दरअसल दिल्ली पुलिस ने 560 किलो कोकीन की बड़ी खेप बरामद की है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 5600 करोड रुपए आंकी जा रही है।

वहीं, बीजेपी ने इस मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दिल्ली के अंदर 5600 करोड़ रुपए का ड्रग्स बरामद हुआ है। 2006 से 2013 में यूपीए के दौर में 768 करोड़ रुपए का सिर्फ ड्रग्स बरामद हो पाया। तुषार गोयल जो मुख्य आरोपी है वो इंडियन यूथ कांग्रेस का पदाधिकारी रह चुका है।




### बीजेपी हमलावर

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आरोपी तुषार की कांग्रेस के कई नेताओं के साथ फोटो है। एजेंसियों को तुषार गोयल के मोबाइल से दीपेंद्र हुड्डा का नंबर मिला है। बीजेपी का आरोप है कि पैसा जो बरामद हुआ है, उसका इस्तेमाल कांग्रेस पार्टी में हुआ है। कांग्रेस पार्टी बताए क्या चुनाव में इन पैसे का प्रयोग हुआ है। ड्रग पैडलर की गिरफ्तारी संदेह पैदा करती है कि क्या कांग्रेस की सरकार आने के बाद इनको कारोबार की छूट मिलने वाली थी? कांग्रेस के आधिकारिक पदाधिकारी का संबंध उजागर होना बहुत गंभीर सवाल उठाता है।

सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि तुषार गोयल की न केवल के सी वेणुगोपाल और दीपेंद्र सिंह हुड्डा जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ तस्वीरें हैं बल्कि उनके पास हुड्डा का मोबाइल नंबर भी है। उन्होंने कहा कि हुड्डा परिवार को भी स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्होंने मीडिया के समक्ष दिल्ली युवा कांग्रेस के आरटीआई सेल के प्रमुख के रूप में गोयल की नियुक्ति का पत्र पढ़ा और दावा किया कि इसमें कांग्रेस के शीर्ष नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का भी उल्लेख है।

## तिरुचिरापल्ली के आठ स्कूलों में बम की धमकी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि इस तरह की ईमेल भेजने के लिए अमूमन साइबर अपराधी वीपीएन टूल का इस्तेमाल करते हैं। इस टूल की मदद से अपनी डिवाइस (मोबाइल या लैपटॉप) में डाउनलोड करके शरारती तत्व जांच एजेंसियों को गुमराह करने के लिए आरोपी जान–बूझकर विदेशी सर्वर का चुनाव करते हैं।

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर के आठ स्कूलों को बम विस्फोट की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए स्कूलों को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और बम निरोधक दस्ते और स्निफर डॉग्स ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ही राष्ट्रीय

### जांच में जुटा बम निरोधक दस्ता

राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बड़ी संख्या में स्कूलों में बम विस्फोट की धमकी मिली थी। स्कूलों के अलावा कई शॉपिंग मॉल्स को भी ऐसी धमकी मिली थी। जिससे खासा हड़कंप मचा था, लेकिन जांच में कुछ नहीं निकला। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि इस तरह की ईमेल भेजने के लिए अमूमन साइबर अपराधी वीपीएन टूल का इस्तेमाल करते हैं। इस टूल की मदद से अपनी डिवाइस (मोबाइल या लैपटॉप) में डाउनलोड करके शरारती तत्व जांच एजेंसियों को गुमराह करने के लिए आरोपी जान–बूझकर विदेशी सर्वर का चुनाव करते हैं।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :– यूनिक बिल्डिंग, 289–290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक–पवन गौतम। फोन नंबर–0565–2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053